दैनिक नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 16 | अंक 338 | सीकर, बुधवार 04 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## झुंझुनू : एनएच-311 स्वीकृति के बावजूद कार्य शुरू नहीं लोकसभा में उठी आवाज

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने मंगलवार को लोकसभा में नियम 377 के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 311 के सिंघाना-टीटनवाड़ मार्ग के निर्माण में हो रही देरी का मुद्दा उठाया। सांसद ने कहा कि झुंझुनू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत एनएच 311 के सिंघाना-खरकड़ा-जसरापुर-नानूवाली बावड़ी-केड़-टीटनवाड़ उदयपुरवाटी मार्ग के निर्माण में लंबे समय से देरी हो रही है। जबकि इस मार्ग के निर्माण की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है, इसके बावजूद अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि यह मार्ग क्षेत्र का एक अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन भारी यातायात रहता है। निर्माण कार्य शुरू न होने से आमजन, किसान, विद्यार्थी, व्यापारी वर्ग के साथ-साथ एम्बुलेंस एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे जन-सुरक्षा प्रभावित हो रही है। सांसद ने सरकार से मांग की कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 311 के इस स्वीकृत मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने हेतु संबंधित विभागों को तत्काल निर्देश जारी किए जाएं।

## मध्यप्रदेश से किराए पर ईवीएम मंगवाकर चुनाव करवाएगा राजस्थान

### दोनों राज्यों के बीच हुआ एमओयू, स्थानीय निकाय और पंचायत चुनावों में होगा इस्तेमाल

जयपुर।

राजस्थान में आगामी स्थानीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनावों में वोटिंग के लिए मध्य प्रदेश से 30 हजार ईवीएम मशीनें मंगवाई जाएंगी। ये मशीनें किराए पर ली जाएंगी। इनके जरिए ही निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव करवाए जाएंगे। इसको लेकर आज मध्य प्रदेश और राजस्थान निर्वाचन आयोग के बीच एमओयू हुआ है। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया- एमओयू के तहत मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग को चुनावों के लिए कुल 30 हजार कंट्रोल यूनिट और 60 हजार बैलेट यूनिट किराए पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इन्होंने कहा कि इन ईवीएम का उपयोग प्रदेश में नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में किया जाएगा। ईवीएम की आपूर्ति, उपयोग, रख-रखाव, सुरक्षा और वापसी से संबंधित सभी शर्तें भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत सुनिश्चित की जाएंगी। ईवीएम के तकनीकी परीक्षण , मरम्मत और आवश्यक तकनीकी सहयोग का काम भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, हैदराबाद के अधिकृत इंजीनियरों द्वारा किया जाएगा।

## तीन दिन की गिरावट के बाद चांदी 32 हजार बढ़ी

### 2.68 लाख/किलो पर पहुंची; 4 लाख से गिरकर 2.4 लाख हो गई थी कीमत



नई दिल्ली।

गोल्ड और सिल्वर मार्केट में लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद आज तेजी 3 फरवरी को तेजी है। वायदा बाजार में चांदी के दाम में करीब 32 हजार रुपए की बढ़त है। 1 किलो चांदी का भाव 2.68 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले तीन दिनों में चांदी की कीमत 1.60 लाख रुपए कम हुई थी। सोने में भी करीब 8 हजार रुपए (5%) की तेजी है। 10 ग्राम सोना 1.52 लाख रुपए पर है। बीते 3 कारोबार दिन में इसकी कीमत 26 हजार कम हुई थी।


### सर्राफा बाजार में चांदी 2.64 प्रति किलो बिक रही

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, आज सर्राफा बाजार में चांदी 4,465 रुपए बढ़कर 2,63,965 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 2,783 रुपए बढ़कर 1,51,529 रुपए हो गया है। इससे पहले बीते 3 दिन मुनाफा वसूली के कारण सोने-चांदी की कीमत में गिरावट आई थी।

# राहुल पर टिप्पणी को लेकर विधानसभा में हंगामा

## सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित हुई, डोटासरा और मंत्री में नोकझोंक

जयपुर।





विधानसभा में मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दौरान भाजपा विधायक श्रीचंद कृपलानी की राहुल गांधी पर की गई टिप्पणी को लेकर हंगामा हो गया। श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि राहुल गांधी बिना छपे किताब को लेकर बेवजह आरोप लगा रहे हैं। राहुल गांधी में इतने ही लखण नहीं है।

राहुल गांधी पर टिप्पणी को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आपत्ति करते हुए कहा कि जो सदन का सदस्य नहीं है, उसका यहां जिक्र नहीं हो सकता।

इसे लेकर सदन में पक्ष-विपक्ष के बीच जमकर नोकझोंक हुई। सदन में हंगामे की स्थिति बन गई। हंगामे के चलते दो बार सदन की कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा। रात 8 बजे सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### डोटासरा और शिक्षा मंत्री में नोकझोंक

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के बीच नोकझोंक हो गई। डोटासरा ने कहा कि शिक्षा मंत्रीजी शिक्षा का बंटाधार मत करो। शिक्षकों की पहले कुत्ते भगाने में ड्यूटी लगाई, इसके बाद रामकथा में ड्यूटी लगा दी। आपके स्कूलों का नामांकन घट गया, पौने दो लाख नामांकन कम हो गया। बीच सत्र तबादले कर दिए। पैसे का तो छोड़ दीजिए, 5000 का खेल कर सकता है वो कितना ही बड़ा कर सकता है।

### जोगाराम पटेल और जूली में वार-पलटवार

विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बीच नोकझोंक हो गई। नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस विधायक दीनदयाल बैरवा के साथ दौसा तहसीलदार की तरफ से किए गए खराब बर्ताव के मामले में कार्रवाई की मांग की।

इस दौरान दोनों के बीच वार पलटवार चला। संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि कोई विधायक बात रख रहा हो तो उसके बीच में बोलना असंसदीय है, इसके लिए नेता प्रतिपक्ष की निंदा करनी चाहिए। जिस मुद्दे को विधिवत रूप से नहीं रखा जाता तब तक कार्रवाई कैसे होगी। सरकार विधायकों के सम्मान के प्रति गंभीर है।

दिलावर ने डोटासरा पर पलटवार करते कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के सामने शिक्षकों ने कहा था डोटासरा पैसा खाते हैं। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने आपत्ति की, स्पीकर ने आरोपों को कार्यवाही से निकलवाने का आश्वासन दिया।

डोटासरा ने कहा- मैं दिलावर के आरोपों को गंभीरता से नहीं लेता, इन्हें तो बनाया ही इस तरह के कबाड़े करने के लिए नहीं है। मेरे दादाजी ने कहा था कि बड़ा होकर कीचड़ में पत्थर मत फेंकना, क्योंकि उछलकर आप पर ही गिरेगा।

### पेपरलीक की 12 साल की सीबीआई जांच करवा लो

डोटासरा ने कहा- 2013 से लेकर 2017 में भी रीट सहित कई परीक्षाओं के पेपर लीक हुए। मौजूदा सरकार के वक्त भी नीट, आरयू के पेपरलीक हुए, नवलगढ़ में आरएएस का पेपर खुला मिला। हमारे वक्त भी पेपर लीक हुए, हमने कार्रवाई की। कोई कमी रह गई तो आप कार्रवाई करो। आपमें अगर हिम्मत है तो 12 साल के पेपरलीक की सीबीआई जांच कवार लो,तो आपकी सरकार गिर जाएगी, मैं लिख कर दे रहा हूं। वसुंधराजी की जांच करो, रोजाना बात करने से कुछ नहीं होता ।

## वनपाल और महिला पर्यवेक्षक भर्ती में अभ्यर्थियों को राहत

### राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने आवेदन की अंतिम तारीख 7 दिन बढ़ाई

जयपुर।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने वनपाल और महिला पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। बोर्ड ने दोनों भर्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को 7 दिन के लिए बढ़ाने का फैसला किया है। पहले इन भर्तियों के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 4 फरवरी निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 11 फरवरी कर दिया गया है। बोर्ड की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, वनपाल के कुल 259 पदों पर भर्ती निकाली गई थी, जिसके लिए अब तक 2 लाख 47 हजार 696 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। वहीं, महिला पर्यवेक्षक के 72 पदों के लिए 69 हजार 632 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किए हैं। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों की ओर से आवेदन प्रक्रिया में समय की कमी और तकनीकी कारणों को लेकर आ रही शिकायतों को देखते हुए बोर्ड ने यह फैसला लिया है।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 129 पैसे मजबूत, 90.20 पर आया

### यह 3 साल में सबसे बड़ी बढ़त, 2025 में सबसे कमजोर एशियाई करेंसी हो गया था



मुंबई।

भारतीय रुपया मंगलवार (3 फरवरी) को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 3 साल की सबसे बड़ी बढ़त के साथ 90.20 के स्तर पर ओपन हुआ। यह तेजी अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड डील के ऐलान के कारण हुई है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय सामानों पर टैरिफ को 50% से घटाकर 18% कर दिया है। हालांकि आरबीआई के अनुसार डॉलर के मुकाबले रुपया 90.45 पर बंद हुआ। इससे पहले 2025 में रुपया करीब 5% तक टूटकर एशिया की सबसे कमजोर करेंसी बन गया था। जनवरी 2026 में ही इसमें 2% की गिरावट दर्ज की गई थी। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लगातार निकासी ने रुपए पर दबाव बना रखा था। हालांकि, मंगलवार को ओपनिंग में रुपए ने वापसी करते हुए 91.49 के पिछले क्लोज के मुकाबले 129 पैसे की मजबूती दर्ज की।

### ट्रेड डील के ऐलान के बाद आई तेजी

रुपए में आई इस तेजी के पीछे भारत और अमेरिका के बीच हुआ 'गिव एंड टेक' समझौता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर बताया कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और इसके बदले अमेरिका व वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। इसके अलावा, भारत ने अगले कुछ वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर (करीब 45 लाख करोड़ रुपए) की एनर्जी, टेक्नोलॉजी और कृषि उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। इस ऐलान ने उस अनिश्चितता को खत्म कर दिया है जो पिछले साल अगस्त में अमेरिका के टैरिफ के बाद से बनी हुई थी।

## खेमचंद सिंह मणिपुर के 13वें सीएम होंगे

**नई दिल्ली/इम्फाल।** भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री होंगे। मंगलवार को बीजेपी विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। अब राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा। कल यानी बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक कुकी-जो समुदाय को संतुष्ट करने के लिए 10 कुकी विधायकों में से एक को डिप्टी सीएम का पद दिया जा सकता है। इस दौरान मणिपुर के विधायक दल का नेता चुनने के लिए नियुक्त सेंट्रल ऑब्जर्वर तरुण चुग, संबित पात्रा और मणिपुर के पूर्व सीएम बीरेन सिंह भी मौजूद रहे।

## मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने अफसरों से कहा- चोर हो तुम

### लुटेरों देश को खा गए; एक्सईएन का आरोप- समर्थकों ने हमारे साथ मारपीट की

जयपुर।



कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा सोमवार को सवाई माधोपुर मेडिकल कॉलेज के घटिया निर्माण कार्य को देखकर भड़क गए। उन्होंने मौके पर मौजूद एक्सईएन और एईएन को फटकार लगाई और कहा- तुम्हें शर्म नहीं आती है। प्लास्टर के नाम पर मिट्टी डाल रहे हो। चोर हो। लुटेरों...देश को खा गए।

मंत्री ने कहा- सरकार पैसा दे रही है तो कॉलेज का निर्माण काम भी टिकाऊ और अच्छा होना चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग को लेकर उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए। एक्सईएन ने आरोप लगाया कि मंत्री के समर्थकों ने प्रोजेक्ट मैनेजर नवनीत के साथ मौजूद एईएन को पीटा।

इसके बाद मेरे साथ भी मारपीट की। एक्सईएन ने मामले की शिकायत जयपुर में बैठे आरएसआरडीसी (राजस्थान राज्य सड़क विकास और निर्माण निगम लिमिटेड) के उच्चाधिकारियों को की है।

दरअसल, कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा सोमवार की शाम करीब 4 बजे ठींगला स्थित निर्माणाधीन राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान कॉलेज बिल्डिंग के निर्माण में खामियां और घटिया निर्माण को लेकर किरोड़ीलाल मीणा ने नाराजगी जाहिर की। प्लास्टर को लेकर आरएसआरडीसी के अधिकारियों से सवाल किए तो वे जवाब नहीं दे पाए। मंत्री ने मौके पर मौजूद एक्सईएन राकेश कुमार दीक्षित, ,श्वह सुमित मिश्रा और प्रोजेक्ट मैनेजर नवनीत को फटकार लगाई और कहा कि शर्म नहीं आती, लुटेरों...देश को खा गए।

एक्सईएन राकेश कुमार दीक्षित ने आरोप लगाया कि मंत्री के समर्थकों ने प्रोजेक्ट मैनेजर नवनीत और एईएन सुमित मिश्रा के साथ मारपीट की। उसके बाद मेरे साथ मारपीट हुई। मुझे अंदेशा है कि घटना के सीसीटीवी फुटेज के साथ गड़बड़ी हो सकती है। अगर ऐसा किया गया तो प्रिंसिपल के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

दीक्षित का कहना है- मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल बुद्धिप्रकाश ने द्वेषवश इतनी बड़ी बिल्डिंग में उन्हीं जगहों को दिखाया, जहां थोड़ी बहुत खामियां थीं। हमने घटना की शिकायत जयपुर में बैठे उच्चाधिकारियों को दी गई है।

## डीआरडीओ ने नई तकनीक का सफल टेस्ट किया

### लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें बनाने में मदद मिलेगी

नई दिल्ली।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने मंगलवार (3 फरवरी) को सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट तकनीक का सफल फ्लाइट टेस्ट किया। इस सफलता के साथ भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास यह आधुनिक तकनीक है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह टेस्ट ओडिशा के तट के पास चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज (आईटीआर) में किया गया।

यह तकनीक लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें बनाने में मदद करती है। इस तकनीक से संभावित विरोधियों के मुकाबले रणनीतिक बढ़त मिलती है। परीक्षण के दौरान सभी प्रमुख उप-प्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। इनमें बिना नोजल वाला बूस्टर, सॉलिड फ्यूल डक्टेड रामजेट मोटर और फ्यूल फ्लो कंट्रोलर शामिल थे।



### ओडिशा की चांदीपुर रेंज में किया गया परीक्षण

सिस्टम को पहले ग्राउंड बूस्टर मोटर की मदद से निर्धारित मैक संख्या तक पहुंचाया गया, जिसके बाद एसएफडीआर प्रणाली ने सफलतापूर्वक काम किया। पूरे परीक्षण की निगरानी और पुष्टि आईटीआर, चांदीपुर की ओर से बंगाल की खाड़ी के तट पर तैनात कई ट्रैकिंग उपकरणों से प्राप्त उड़ान आंकड़ों के जरिए की गई। टेस्ट के दौरान डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं के वरिष्ठ वैज्ञानिक मौजूद रहे।इनमें डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी, हाई एनर्जी मटीरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी, रिसर्च सेंटर इमारत और आईटीआर शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एसएफडीआर तकनीक के सफल प्रदर्शन पर डीआरडीओ और उद्योग जगत को बधाई दी। वहीं रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव एवं डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ . समीर वी . कामत ने इस सफल उड़ान परीक्षण में शामिल सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं।

# डॉ कपूर थालौर ने बताए परीक्षा तनाव से बचने के उपाय

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय के रोड नंबर 1 स्थित पीएम श्री शहीद कर्नल जेपी जानू राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से बचाने के उद्देश्य से विशेषज्ञ संवाद कार्यक्रम मंगलवार को आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राजकीय भगवान दास खेतान अस्पताल के वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. कपूर थालौर ने छात्र.छात्राओं को परीक्षा के दौरान तनाव से दूर रहने के प्रभावी उपाय बताए। उन्होंने कहा कि 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को पर्याप्त नींद लेनी चाहिए, हल्का व संतुलित भोजन करना चाहिए तथा नियमित रूप से योग और ध्यान अपनाना चाहिए, जिससे आत्मविश्वास बना रहे। डॉ. थालौर ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि प्रश्नपत्र को शांति से पूरा पढ़ने के बाद ही उत्तर लिखना शुरू करें, समय का सही प्रबंधन करें और हड़बड़ाहट से बचें। मोबाइल का उपयोग केवल अध्ययन सामग्री के लिए करने तथा नकल या अनुचित साधनों का विचार मन में न लाने की बात कही। उन्होंने परीक्षा के दौरान खानपान, पढ़ाई की सही रणनीति और मानसिक संतुलन बनाए रखने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की तथा बताया कि बिना तनाव के परीक्षा देकर अधिकतम अंक कैसे प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक तनाव या पढ़ाई में मन न लगने की स्थिति में टेली मानस के टोल फ्री नंबर 14416 पर कॉल कर परामर्श लिया जा सकता है। आवश्यकता होने पर मनोचिकित्सक से संपर्क करने की भी सलाह दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक चौधरी ने विद्यार्थियों से विशेषज्ञ द्वारा बताए गए सुझावों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



## कोबरी-सार



# सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाइजर पदों के लिए चयन परीक्षा एवं कैंपस प्लेसमेंट शिविर आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सहायक निदेशक जिला रोजगार कार्यालय, सीकर राकेश खर्रा ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय, सीकर एवं भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवकों के लिए सुरक्षा गार्ड एवं सुरक्षा सुपरवाइजर पदों पर भर्ती के लिए चयन परीक्षा एवं कैंपस प्लेसमेंट शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह भर्ती कार्यक्रम 6 फरवरी तक जिला रोजगार कार्यालय, सीकर में आयोजित किया जाएगा। सभी शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक आयोजित होंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत 2 फरवरी को तहसील श्रीमाधोपुर एवं अजीतगढ़ के कुल 125 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिसमें नीमच से आए भर्ती अधिकारी महिपाल सिंह सिनसिनवार एवं सहायक भर्ती अधिकारी संतोष जाट द्वारा शारीरिक मापदंड के आधार पर 35 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। आगामी भर्ती कार्यक्रम के अनुसार 4 फरवरी को तहसील पलसाना एवं पाटन, 5 फरवरी 2026 को तहसील लक्ष्मणगढ़ एवं नेछवा तथा 6 फरवरी 2026 को सीकर एवं समस्त राजस्थान के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को भर्ती शिविर में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय, सीकर एवं एसआईएस रीजनल ट्रेनिंग अकादमी, नीमच के भर्ती अधिकारी महिपाल सिंह एवं सहायक भर्ती अधिकारी निनाराम भर्ती स्थल पर उपस्थित रहकर अभ्यर्थियों का पंजीकरण एवं चयन करेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी भर्ती स्थल पर ही पंजीकरण करा सकेंगे। भर्ती हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण, लंबाई 170 सेंटीमीटर, वजन 55 किलोग्राम, सीना 80-85 सेंटीमीटर, आयु सीमा 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है तथा अभ्यर्थी का शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है। चयनित अभ्यर्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत 65 वर्ष की आयु तक स्थायी रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। एसआईएस रीजनल ट्रेनिंग अकादमी, नीमच द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को भारत सरकार के ऐतिहासिक स्मारकों, प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थानों, मल्टीनेशनल कंपनियों सहित दिल्ली का लाल किला, अयोध्या राम मंदिर, आगरा का ताजमहल, जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर रोजगार प्रदान किया जाएगा।

# कैंसर की नियमित स्क्रीनिंग और शुरुआती पहचान से बच सकती है जान




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व कैंसर दिवस पर फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर में कैंसर जागरूकता हेल्थ टॉक आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को कैंसर की शुरुआती पहचान, समय पर जांच, रोकथाम और आधुनिक उपचार के बारे में जागरूक करना रहा। इसमें मरीजों, परिजनों और शहर के नागरिकों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने बताया कि कैंसर का समय पर पता लगने से उपचार अधिक सफल होता है और मरीज की जीवन गुणवत्ता बेहतर रहती है। कार्यक्रम में शुरुआती लक्षण, नियमित स्क्रीनिंग, स्वस्थ जीवनशैली और मल्टी-डिसिप्लिनरी उपचार की भूमिका पर जानकारी दी गई तथा कैंसर से जुड़े मिथकों का खंडन किया गया। विशेषज्ञों के अनुसार राजस्थान में मुंह, स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, फेफड़े, मस्तिष्क और प्रोस्टेट कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। तंबाकू सेवन के कारण पुरुषों में मुंह और फेफड़ों का कैंसर अधिक है। जबकि महिलाओं में स्तन और सर्वाइकल कैंसर चिंता का विषय हैं। सीनियर कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. दिवेश गोयल ने बताया कि राज्य में कैंसर मामलों में खतरनाक वृद्धि हो रही है और इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन ऑफ डिजीज रिपोर्ट के अनुसार प्रति लाख आबादी पर जयपुर सबसे अधिक प्रभावित शहरों में शामिल है। सीनियर कंसल्टेंट सर्जिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. नरेश कुमार सोनी ने बताया कि भारत में 60-70 प्रतिशत मामलों में सर्जरी की जरूरत पड़ती है और शुरुआती पहचान से सफलता बढ़ती है। वहीं डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि भारत में हेड-नेक कैंसर के एक-तिहाई मामले पाए जाते हैं और राजस्थान में यह 32 प्रतिशत से अधिक है। जिसका मुख्य कारण तंबाकू है। कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ। जिसमें प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से उपचार और देखभाल से जुड़ी जानकारी प्राप्त की।

# इंडियन शिक्षण संस्थान में मनाया विदाई समारोह



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** बड़ाऊ की इंडियन शिक्षण संस्थान में मंगलवार को विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि चेयरमैन सुनील बोहरा थेस विशिष्ट अतिथि के रूप में राधा शर्मा, केकेएमएस कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. मुकेश दाधीच, प्रकाश दास स्वामी, प्रधानाचार्या सुमन शेखावत, पूजा सैनी, पूरन सिंह शेखावत मौजूद थेस समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुनील बोहरा ने कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन में शिक्षकों को प्रेरणा स्त्रोत मानते हुए आगे बढ़े तथा गुरु शिष्य परंपरा का पालन करेंस डॉ. मुकेश दाधीच ने कहा कि विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर सफलता अर्जित करेंस स्कूल के प्रधानाचार्य सूर्यप्रकाश शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन पेश किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। अतिथियों ने प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सुभाष शर्मा, प्रमोद सुरोलिया, दर्शन वर्मा, रोहतास कुमार, सुरेंद्र कुमावत, जिले सिंह, राजकमल सैनी, राकेश सैनी, मनीष मैडम, देवेंद्र शर्मा, किशन सिंह, नरेश सैनी, मनेष शर्मा, नरेश जांगिड़, महेंद्र कुमावत, सहीराम, बजरंग लाल मीणा, सुनील जांगिड़, मंजू शर्मा, प्रियंका सैनी, मंजू सैनी, मुकेश मैनपुरा, दुलार सिंह, भवानी सिंह, रामवतार गुर्जर, किशोर गुर्जर, रविंद्र बीलवा, भवानी सिंह, संजय सैनी, घनश्याम शर्मा, सुरेंद्र यादव, अनीता स्वामी, दिलीप कुमार, अशोक भार्गव, शंकर लाल भार्गव, सुरेंद्र सिंह सुंदर सिंह महिपाल सिंह सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुमावत और विक्रम यादव ने कियास।



# जयपुर टैलेंट हंट आयोजित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** इंडिया इंटरनेशनल स्कूल सीतापुरा में जयपुर टैलेंट हंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने साक्षरता, कला एवं नृत्य से जुड़ी विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। बच्चों ने कहानी लेखन, रचनात्मक लेखन, चित्रकला के साथ-साथ एकल एवं युगल नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से कार्यक्रम का वातावरण उल्लासपूर्ण बना रहा। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल ने प्रत्येक श्रेणी में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजू जयदीप ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी छिपी प्रतिभा को मंच मिलता है। कार्यक्रम ने विद्यालय की रचनात्मक और सर्वांगीण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर किया।

# पुरस्कार पाकर खिले बेटियों के चेहरे




निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** पीएमश्री श्रीकृष्ण परिषद् राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की दो बेटियों को श्रीमती गंगा देवी काशी प्रसाद शाह शिक्षा रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान सुमन वर्मा ने बताया कि डॉ अनिल शर्मा अनमोल के प्रयास द्वारा 3 वर्ष पूर्व एक नवाचार के रूप में इस पुरस्कार को सूरजगढ़ निवासी व हरिद्वार प्रवासी मधु गोवर्धन शाह द्वारा प्रारंभ किया गया था। यह पुरस्कार इशिता शर्मा व उर्मिला सैनी को प्रदान किया गया। पुरस्कार स्वरुप दोनों बेटियों को 51 सौ-51सौ रुपये नकद व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। डॉ अनिल शर्मा अनमोल ने बताया कि कक्षा 10 में इशिता शर्मा व कक्षा 12 में उर्मिला सैनी के टॉपर रहने पर यह पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ ही शिक्षक डॉ अनिल शर्मा अनमोल ने अपनी माताजी की स्मृति में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं प्रथम बिंदिया, द्वितीय सोनाक्षी और तृतीय स्थान पर रही नैना व रक्षिता सैनी को भी पुरस्कार प्रदान किए। बेटियों को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिह्न व मेडल देकर सम्मानित किया गया तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाली समस्त बेटियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। पुरस्कार प्राप्त कर सभी बेटियां खुश नजर आ रही थी। मिडल विंग में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएमसी अध्यक्ष सज्जन अग्रवाल थे वहीं अध्यक्षता संस्था प्रधान सुमन वर्मा ने की व विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य विष्णु शर्मा एवं राकेश नांदवाला रहे। अतिथियों ने डॉ अनमोल के सार्थक प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में मनीषा सैनी, डॉ अनिल अनमोल, लक्ष्मण राम धायल, मनोज कुमारी, विमला कुमारी, छात्रा अध्यापिकाएं सहित विद्यालय के विद्यार्थी मौजूद रहे।

## फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के मेहाडा जाटूवास के गोगाजी खेल मैदान में नवयुवक मंडल के तत्वावधान में आयोजित 70वीं फुटबॉल प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज घुमरिया थे, जबकि अध्यक्षता दलीप जांगिड़ ने की। नवयुवक मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गहलावत ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग ले लिया, जिसमें बहुत ही रोचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मेजबान मेहाड़ा की टीम और फुटबॉल क्लब ब्रदर्स यूनाइटेड जयपुर के बीच खेला गया, जिसमें मेहाड़ा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जयपुर को 1-0 से पराजित कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि घुमरिया ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि



खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, भाईचारे और खेल भावना का भी पाठ पढ़ाता है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए ऐसे आयोजनों का होना आवश्यक है। नवयुवक मंडल की ओर से प्रतियोगिता में विजेता मेहाड़ा की टीम को 71 हजार व उपविजेता जयपुर की टीम को 51 हजार रुपए का ईनाम देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुरेंद्र गहलावत, कर्मवीर, अजीत सिंह, राजपाल सिंह, उम्मेद सिंह, कुलदीप, राकेश, संदीप कुमार, ख्यालीराम, कैलाश चौधरी, राकेश कुमार, बंशीलाल, राम अवतार, दुर्गा प्रसाद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन के तहत जिला स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** चौधरी गेस्ट हाउस भाजपा कार्यालय में मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा की अध्यक्षता में विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना वीबी जी राम जी का जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की मुख्य अतिथि व वक्ता भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत ने कहा कि विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन में नई योजनाओं के तहत अब 125 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया गया है जिसमें कार्मिकों को सप्ताह के अंदर रोजगार का भुगतान किया जाएगा। भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने कहा कि मनरेगा के वीबी जी राम जी योजना के नाम परिवर्तन पर विपक्ष इसका दुषप्रचार कर रहा है लेकिन इस योजना के तहत सबको गारंटी सहित रोजगार मिलेगा व उसका भुगतान भी समय पर होगा। जिला संयोजक चंद्राराम गुरी ने कहा इस योजना के तहत ग्रामीण एवं शहरी विकास के लिए नए प्रतिमान स्थापित होंगे जिससे नए कार्यों को गति मिलेगी एवं सबको रोजगार मिलेगा। सम्मेलन को भाजपा नेता महावीर पूनियां, नरेश सहारण, मधुसूदन राजपुरोहित, संदीप काजला ने संबोधित किया। भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल ने अतिथियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। संचालन राजेन्द्र जोइया व भगवती प्रसाद ने किया। सम्मेलन में जमरदिन तेली, लीलाधर बागोरिया, राकेश शर्मा, भंवरलाल पूनिया, विशाल शर्मा, रणजीत सिंह, मदनलाल नायक, महेंद्र स्वामी, सुनील भाकर, त्रिलोक रेगर, चिरंजीलाल शर्मा, साबीर हुसैन, रामचंद्र प्रजापत, हीरालाल सैनी, गिरधारी पारीक, जोगेंद्र सिंह, एमपी सैनी, अशोक जांगिड़, मो. फारूक, जितेंद्र सिंह राठौड़ सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कराटे के विजेताओं को सम्मान से नवाजा



**लाडनूं ( नवयत्न )।** टाइगर्स मार्शल आर्ट संस्थान के बैनर तले कराटे में येलो एग्रीन और ब्राउन बेल्ट जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मान से नवाजा गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी विनोद कश्यप ने की । वहीं मुख्य अतिथि मोटिवेशनल गुरु शंकर आकाश थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रतनी देवी गोलछा, चंद्रेश गोलछा व चौथमल किला उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शंकर आकाश ने कहा कि आत्म सुरक्षा आज के समय की आवश्यकता है और इसको देखते हुए जो लोग तैयार हो रहे हैं वह अन्य लोगों के लिए अनुकरणीय उदाहरण हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ कोच नरेंद्र शर्मा ने कराटे एवं ताइक्कांडो के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। वहीं माया जाट एआंचल कंवर, प्रथम सोनी, वीरेंद्र विडियासर, निलेश चौधरी, अरिहंत गोलछा को विभिन्न बेल्ट एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए ।

# महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं का किया औचक निरीक्षण



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग सीकर डॉ. सुनील कुमार जांगिड़ ने बताया कि सरोज ढ़ाका, उप निदेशक वि.खा.का., समेकित बाल विकास सेवाएँ राजस्थान, जयपुर द्वारा सीकर जिले में ओचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय उप निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, सीकर तथा आंगनबाड़ी केन्द्र 32-2 वार्ड नंबर 7, सीकर शहर में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान वर्तमान में संचालित प्रेरणा अभियान 2.0 के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों के सर्वे क्षेत्र में आने वाले सभी पात्र लाभार्थियों का अधिकाधिक पंजीकरण सुनिश्चित करने, 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की अपार आईडी बनाए जाने, केन्द्र पर पंजीकृत समस्त लाभार्थियों की आभा आईडी तैयार करने तथा पंजीकृत बच्चों की सतत वृद्धि निगरानी सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। भारत सरकार की नई शिक्षा नीति के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ईसीसीई के तहत संचालित पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्र म का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर शत-प्रतिशत बच्चों की आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उप निदेशक ने मानदेयकर्मियों, केन्द्र पर उपस्थित बच्चों, महिला पर्यवेक्षकों एवं अधिकारियों से संवाद किया तथा सभी कार्मिकों की कर्तव्यपरायणता की सराहना करते हुए विभागीय कार्यों के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार जांगिड़ उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग सीकर, रिया पूनियां सीडीपीओ सीकर शहर, महिला पर्यवेक्षक सरिता ढाका, शेव सिंह शेखावत सहायक प्रशासनिक अधिकारी, नरेन्द्र सिंह शेखावत सहायक सांख्यिकी अधिकारी, कुलदीप सिंह शेखावत सहायक लेखाधिकारी द्वितीय, विजेन्द्र सिंह सहायक प्रोग्रामर, कनिष्ठ सहायक दीपेन्द्र, सुभाष कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामप्यारी देवी एवं सहायिका पिंकी उपस्थित रहे।

# नशे के खिलाफ जनआंदोलन जरूरी : सचिन पायलट




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** एनएसयूआई राजस्थान की ओर से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के उद्देश्य से युवाओं का युद्ध दृ ड्रग्स के विरुद्ध नशामुक्ति जनजागरण अभियान के तहत विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जगतपुरा में छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कीए जबकि मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट रहे। इस अवसर पर सचिन पायलट ने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य के लिए बड़ा खतरा बन चुका है। यह केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। युवाओं को जागरूक होकर नशे से दूर रहना चाहिए और इसके खिलाफजनआंदोलन खड़ा करना होगा। विनोद जाखड़ ने कहा कि नशा युवाओं की ऊर्जा और सपनों को खत्म कर रहा है। एनएसयूआई इस बुराई के खिलाफहर कॉलेज, विश्वविद्यालय और गांव तक जागरूकता अभियान चलाएगी। उन्होंने नशे के सौदागरों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग भी की। कार्यक्रम के अंत में जाखड़ ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। इस दौरान विश्वविद्यालय डायरेक्टर के. राम बगेडिया, विधायक मनीष यादव, विधायक पीतराम काला, युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## वर्ल्ड वेटलैंड डे पर जागरूकता का दिया सन्देश



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जेजेटी यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस विभाग की तरफ से वर्ल्ड वेटलैंड डे का आयोजन किया गया। वेटलैंड संरक्षण पर वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी और चार्ट मेकिंग कम्पटीशन के माध्यम से विद्यार्थियों में वेटलैंड कंजरवेशन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया, कम्पटीशन के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्विद्यालय की प्रेसिडेंट डॉ मधु गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ अजीत कुमार, स्पोर्ट्स निदेशक डॉ अरुण कुमार एवं डायरेक्टर रिसर्च डॉ इकराम कुरैशी थे। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ कंचन कुमारी ने वेटलैंड कंजरवेशन पर विस्तृत व्याख्यान दिया। वहीं कॉर्डिनेटर डॉ सपना राघव ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आर्द्र भूमि एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता पैदा करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों को आर्द्र भूमि संरक्षण पर प्रतिज्ञा दिलवाई गई। कार्यक्रम में डॉ इमरान खान, विनीता बासोतिया, डॉ दीपक कुमार, डॉ विनीता कुमारी, डॉ सहीराम नेहरा, डॉ विनोद चारण, डॉ रमन, डॉ पूनम ओला एवं मिस्टर रमेश आदि उपस्थित रहे।

## हत्या के प्रयास के आरोपी को 4 वर्ष का कारावास

**तारानगर ( नवयत्न )।** अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा ने हत्या के प्रयास के एक मामले में चार वर्ष का कठोर कारावास व दस हजार रुपए अर्थदंड सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक पंकज कुमार स्वामी ने बताया कि चार वर्ष पुराने हत्या के एक मामले में न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा ने फैसला सुनाते हुए भानीपुरा थाना क्षेत्र के गाँव सावर निवासी श्योपत उर्फ सम्पत को धारा 308 भा.द.स. व धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम में दोषसिद्ध कर धारा 308 भा.द.स. में चार वर्ष का कठोर कारावास व दस हजार रुपए अर्थदंड तथा अर्थदण्ड जमा नहीं करवाने पर तीन माह का अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

# हिंदू सम्मेलन आयोजित



निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर में गाँधी बस्ती के आचार्य चौक में आयोजित हिंदू सम्मेलन में समाज, संस्कृति, पर्यावरण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर समरस, स्वाभिमानी और कर्तव्यनिष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित करना रहा। सम्मेलन का शुभारंभ मंचस्थ अतिथि कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संत सुरजीत नाथ महाराज, संत रुद्र नाथ महाराज, संत नंदीनाथ महाराज विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अरविंद मिश्रा, भागीरथ रेगर, लालचंद आचार्य, जगदीश प्रजापत, ब्रह्मदत्त आचार्य, लालचंद खटीक, श्याम सुंदर कटारिया, ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर किया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही। सम्मेलन के मुख्य वक्ता अरविंद मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिंदू धर्म कोई संकीर्ण पूजा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र कला है। उन्होंने कहा कि विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए भारत में हिंदू समाज का एकजुट रहना आज नितांत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भारत एक शरीर है तो हिंदू उसकी आत्मा हैं और यह संबंध सनातन काल से चला आ रहा है। कार्यक्रम में संत सुरजीतनाथ महाराज ने सामाजिक समरसता पर विचार रखते हुए कहा कि एक पनघट और एक मरघट पर सभी भेद समाप्त हो जाते हैं, यही समरसता का वास्तविक स्वरूप है। उन्होंने कहा कि भारत में जन्म लेना हमारा सौभाग्य है और प्रत्येक परिवार को वर्ष में कम से कम एक बार धार्मिक स्थलों की यात्रा अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने मातृशक्ति की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि परिवार को एकजुट रखने और धार्मिक-सांस्कृतिक संस्कार देने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कुटुंब प्रबोधन पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक घर में ओम और स्वस्तिक जैसे सांस्कृतिक प्रतीकों का सम्मान, तुलसी का पौधा, स्वदेशी परिधान और मातृभाषा में संवाद होना चाहिए। उन्होंने भोजन के समय मोबाइल के स्थान पर पारिवारिक संवाद को प्राथमिकता देनेए परिवार के साथ धार्मिक यात्राएँ करने और प्रात:काल धरती माता के चरण स्पर्श जैसे संस्कारों को जीवन में अपनाने का आग्रह किया। इस मौके पर पर्यावरण के क्षेत्र में तथा सामाजिक समरता, संयुक्त परिवार सहित अन्य क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया गया । इस मौके पर संघ के कार्यकर्ता धनराज सैन, ललित दाधीच, ख्यालीराम रेगर, सुभाष शर्मा, श्रवण आचार्य, रामनिवास प्रजापत, रतनलाल बारूपाल, पवन मारू, शंकर धेतरवाल, रामलाल खटीक, तुलसीराम पाण्डे, ओमप्रकाश आचार्य, प्रकाश प्रजापत, बिड़दी चंद प्रजापत, श्रवण बारूपाल, परमानंद प्रजापत, रामोतार पांडे, राजू आचार्य सहित सैकड़ो की संख्या में पुरुष व महिला उपस्थित रही । कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र लाटा ने किया ।

## नालपुर की बेटी ने ताइक्कांडो प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल

निसं



**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के नालपुर की बेटी ने ताइक्कोंडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खिलाड़ी के गांव लौटने पर मंगलवार को ग्रामीणों की ओर से उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच उमराव सिंह थेए जबकि अध्यक्षता वीरेंद्र सिंह ने की। भूप सिंह रोजडिया ने बताया कि देहरादून में राज्य स्तरीय तीसरी आल इंडिया ताइक्कांडो प्रतियोगिता में नालपुर की बेटी मंशिका ने में भाग लिया। जिसमे खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए मंशिका ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उमराव सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को पूर्ण अनुशासन में रहते हुए खेल को खेल की भावना से खेलते हुए आगे बढ़ना चाहिए। वर्तमान समय में युवा परंपरागत खेलों से दूर होते जा रहे हैं जो उनके लिए सही नहीं है। युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर उन्हें खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। खेलों के जरिए देश के अनेक युवाओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपने क्षेत्र व देश का नाम रोशन किया है, जिनसे प्रेरणा लेकर युवाओं को भी आगे बढ़ाने के लिए कठिन परिश्रम करना चाहिए। इस दौरान पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों का माल्यार्पण व साफा पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर रामनिवास, अमरसिंह, महिपाल, सज्जन सिंह, जितेंद्र सिंह, दिलबाग सिंह, दलीप, राजेश, संदीप, कर्मवीर, महेंद्र शास्त्री सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## शक्ति दिवस मनाया

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** राज्य सरकार के अनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत मंगलवार को शक्ति दिवस मनाया गया। बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती, धात्री व अन्य लोगों को अनीमिया से मुक्त रखने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा खून की मात्रा की जांच की गई और खून बढ़ने दवा दी गई। मंगलवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों व शिक्षण संस्थाओं पर स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती व धात्री महिलाओं की स्क्रीनिंग की और शरीर में खून की कमी नहीं हो, इसके लिए आयरन फोलिक एसिड की गोली तथा बच्चों को सीरप पिलाई गई। प्रत्येक मंगलवार को जिले के आंगनबाडी केंद्रों, राजकीय विद्यालयों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसीए पीएचसीए उप जिला अस्पताल, जिला अस्पताल, शिक्षण संस्थाओं में शक्ति दिवस मनाया जाता है। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हर्षल चौधरी ने बताया कि 6 माह से 59 माह तक के बच्चों, पांच से नौ वर्ष तक के विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चों, 10 से 19 साल तक की विद्यालय नहीं जाने वाली सभी किशोरी बालिकाओं तथा 20 से 24 साल की विवाहित महिलाओं, गर्भवती व धात्री माताओं को आंगनबाडी केंद्र पर आशा सहयोगिनी द्वारा लक्षण के आधार पर जांच की गई और आयरन की गोलियां दी गई।

इसके अलावा कक्षा पांच से 12वीं तक के विद्यार्थियों को राजकीय विद्यालयों में आयरन की गोली खिलाई। छह से 59 माह तक बच्चे, पांच से नौ साल के बच्चे, 10 से 19 साल के किशोर-किशोर तथा 20 से 24 वर्ष की विवाहित महिलाएं, गर्भवती व धात्री महिलाओं को चिकित्सा संस्थानों पर भी आयरन फोलिक एसीड की गोलियां दी गई।

## राष्ट्रीय ऋण योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु पात्र आवेदकों के साक्षात्कार 11 को

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** राजस्थान अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा राष्ट्रीय ऋण योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निधारित लक्ष्यों के विरूद्व अनुसूचित जाति वर्ग, अनुसूचित जनजाति वर्ग, दिव्यांगजन वर्ग, सफाई कर्मचारी वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों में से पात्र आवेदकों का 11 फरवरी, 2026 को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के पुराने कार्यालय भवन में सवेरे 10 बजे से साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। अनुजा निगम परियोजना प्रबंधक नगेन्द्र सिंह ने बताया कि संबधित आशार्थी साक्षात्कार में अपने साथ ऑनलाइन किए गए आवेदन प्रपत्र का प्रिंट आउट, जाति प्रमाण पत्र, जनाधार कार्ड की प्रति, आधार कार्ड की प्रति, राशनकार्ड की प्रति, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र अगर लागू हो एवं बैंक पासबुक प्रति साथ लेकर उपस्थित हो। साक्षात्कार में उपस्थित नहीं होने वाले आशार्थियों के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

## विधायक शर्मा ने विधानसभा में उठाया कानून-व्यवस्था व जन-सुरक्षा का मुद्दा

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने विधानसभा में क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और जन-सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए भट्टा बस्ती और रामनगर क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इन इलाकों में संकरी गलियां, स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी कैमरों की कमी के कारण खासतौर पर महिलाओं की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। विधायक शर्मा ने सरकार से मांग की कि भट्टा बस्ती और रामनगर सहित संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण और नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। हाई-मास्ट लाइट स्थापित की जाएं और रात्रि गश्त बढ़ाई जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि पारंपरिक पुलिसिंग व्यवस्था के साथ आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाना चाहिए। शर्मा ने एआई आधारित सर्विलांस तकनीकों को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे अपराधों की रोकथाम और निगरानी व्यवस्था अधिक प्रभावी बनाई जा सकती है। विधायक ने कहा कि जन-सुरक्षा सरकार और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और संवेदनशील क्षेत्रों में ठोस कदम उठाने से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।



## मेडल ऑफ मेरिट अवार्ड से सम्मानित होंगे सबलानिया

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू (नवयत्न)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार अवार्ड समारोह का आयोजन 09 से 12 फरवरी 2026 तक राज्य प्रशिक्षण केंद्र जगतपुरा जयपुर पर किया जाएगा। सी. ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि यह राज्य स्तरीय पुरस्कार सम्मान समारोह माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे के मुख्य आतिथ्य आयोजित किया जाएगा । इस अवसर पर नवलगढ़ निवासी शिक्षा के क्षेत्र में राज्य पुरस्कार प्राप्त सेवा निवृत शिक्षक, जिले के जिला कमिश्नर हेडक्वार्टर, राष्ट्रीय ट्रेनिंग टीम के सदस्य रामावतार सबलानिया को स्काउट गाइड संगठन में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय सेवाओं के लिए मेडल ऑफ मेरिट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। सबलानिया की विशिष्ट उपलब्धि पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मुख्य आयुक्त अशोक कुमार शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश मील, स्काउट गाइड जिला अध्यक्ष गंगाधर सिंह सुंडा, सी. ओ. स्काउट महेश कालावत, रेलवे वाणिज्यिक अधिकारी ओम प्रकाश आर्य, सी ओ गाइड प्रियंका कुमारी, नवलगढ़ सचिव अर्जुन सिंह, शिव प्रसाद वर्मा, डॉ. संजय सैनी, विजेता कुमारी, सुदेश कुमार, महेश कुमार, कपिल शर्मा, महेंद्र सैनी, सुनील, धर्मपाल सिंह एवं जिले की टीम के विभिन्न पदाधिकारियों ने सबलानिया को बधाइयां, शुभकामनाएं प्रेषित की।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक की मृत्यु

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकटवर्ती गांव डूंगरास अगुणा से राजियासर के बीच मोटरसाइकिल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे दो युवक गंभीर घायल हो गए। दोनों को सुजानगढ़ सरकारी अस्पताल लाया गया। जहाँ टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार और अन्य ने इमरजेंसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने रामलाल मेघवाल निवासी डूंगरास अगुणा को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल मनोज मेघवाल का उपचार जारी है। मंगलवार सुबह परिजनों की रिपोर्ट पर सालासर पुलिस थाने के एएसआई शिशुपाल ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक रामलाल विदेश रहता था तथा छुट्टी पर आया हुआ था।

## रात्रि चौपाल कार्यक्रमों का निर्धारण

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर फरवरी माह में होनी वाली रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रमों का निर्धारण कर दिया है। उन्होंने बताया कि 4 फरवरी को धोद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत किरडोली, 11 फरवरी को खण्डेला पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गोकुल का बासए 18 फरवरी को श्रीमाधोपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत आसपुरा, 25 फरवरी 2026 को पाटन पंचायत समिति की ग्राम पंचायत डोकन में रात्रि चौपाल व जनसुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।


### कार्यालय नगर परिषद, सीकर
राणी सती रोड़, संतोषी माता के पास, सीकर पिन कोड-332001
Email:- sikarulb.jaipur@gmail.com

क्रमांकः- /विद्युत/2025-26/16847 दिनांकः- 29.01.2026

**ई-निविदा सूचना / 2025-26**

Bids for 1- office building recessed mounting light work invited for intrested bidders From 28-01-2026 to 04-02-2026 upto 4:00 PM. Other Particulars of the bid may be visited on the https://sppp.rajasthan.gov.in/sppp/index.php, of the state.

NIB code DLB2526B0878

| S.NO. | WORK WIZSE UBN No. |
|---|---|
| 01 | DLB2526WSOB32234 |

राज.संवाद/सी/25/18947 आयुक्त नगर परिषद, सीकर

### कार्यालय नगर पालिका मण्डल रींगस (जिला सीकर)
Email:- Ringas.Jaipur@gmail.com Phone:-01575-224854

SR.NO. :- न.पा.री /2025-26/6060 DATE : 29/01/2026

**ई - निविदा सूचना/2025-26/36**

नगर पालिका रींगस द्वारा उपर्युक्त श्रेणी में पजींकृत ठेकेदारों/फर्मो से 01 कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा ऑनलाईन दिनांक 01.02.2026 से 08.02.2026 तक प्राप्त की जावेगी। कार्य का विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती हैं एंव सभी कार्यो की ऑनलाईन निविदा http://eproc.rajasthan.gov.in पर प्राप्त की जावेगी।

NIB CODE -DLB2526B1000
UBN NO. DLB2526SSRC32629 है।

राज.संवाद/सी/25/18956 अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रींगस

### कार्यालय ग्राम पंचायत सीगड़ा पंचायत समिति मण्डावा (झुन्झुनू)
क्रमांक:- ग्रा.प./ई-निविदा/2025-26/57 दिनांक:- 23.01.2026
ई-निविदा सूचना 2025-26/02

ग्राम पंचायत में संकर्म निर्माण कार्यो को पंचायतराज विभाग नियम 1996 के नियम 181 के अंतर्गन करवाने हेतु इच्छुक संवेदकों से दिनांक 3/2/26 को सायं 6:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा से संबंधित समस्त जानकारी कार्यालय एवं http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

NIB NO. ZJU2526A0690
UBN NO. ZJU2526WSOB01202

प्रशासक ग्राम पंचायत सीगड़ा पंचायत समिति मंडावा — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सीगड़ा पंचायत समिति मंडावा

### खोया-पाया
मैं रोनक गोदारा पुत्र प्रताप सिंह गोदारा निवासी वीके मेमोरियल स्कूल, किसान कोलोनी, झुंझुनू, तहसील व जिला झुंझुनूं (राज.)। यह कि मेर पास एक फ्लेट नं. ए-3/402, जो प्लॉट नं 03, सेक्टर नं. 02, विधाधर नगर जयपुर में स्थित है। उक्त फ्लेट का असल अलोटमेन्ट व पजेसन लेटर मेरे से कहीं गुम हो गया है। मैंने उक्त फ्लेट पर कोटक महेन्द्रा बैंक से लोन ले रखा है। इसके अलावा उक्त फ्लेट पर अन्य किसी भी प्रकार का ऋण व भार से मुक्त है। मैनें उक्त फ्लेट के अलोटमेन्ट लेटर का किसी भी प्रकार के अन्य प्रयोजन में काम नहीं लिया है। अगर किसी को मिले तो मो. नं. 8460897841 पर सम्पर्क करें।

### OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION I SIKAR
No. Date

Notice Inviting Bid No. 44/2025-26

Bids for 02 (Two Nos.) Work are invited from interested bidders upto 06:00 PM dated 05.02.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 79.01 Lac.

NIB No. PWD2526A5346
UBN No.PWD2526WSOB21715 to PWD2526WSOB21716

Executive Engineer PWD Dn. I Sikar

DIPR/C/1857/2026

### कार्यालय ग्राम पंचायत चिराना पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं
क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2025-26/119 दिनांक :- 29.01.2026

**ई-निविदा सूचना 04/2025-26**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत चिराना के पंचायत भवन के उपर अटल ज्ञान केन्द्र भवन एवं सीढ़ी निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तिथि व समय | 02-02-2026, प्रात: 10:00 बजे से 11-02-2026, सांय 6:00 बजे तक। |
| निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 11-02-2026 सायं 6:00 बजे तक। |
| दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराने की तिथि व समय | 12-02-2026 दोपहर 12:00 बजे तक। |
| आनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 12-02-2026 दोपहर 02:00 बजे। |

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | ग्राम पंचायत चिराना के पंचायत भवन के उपर अटल ज्ञान केन्द भवन एवं सीढ़ी निर्माण कार्य | 8.00 | ZJU2526A0710 | ZJU2526WSOB 01229 | 2026_PRD_ 534952_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत चिराना से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक** ग्राम पंचायत चिराना पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू) — **ग्राम विकास अधिकारी** ग्राम पंचायत चिराना पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

### कार्यालय ग्राम पंचायत बाय पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं
क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2025-26/37-38 दिनांक :- 03.02.2026

**ई-निविदा सूचना 03/2025-26**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत बाय के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के उपर अटल ज्ञान केन्द्र भवन एवं सीढ़ी निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तिथि व समय | 02-02-2026, प्रात: 10:00 बजे से 11-02-2026, सांय 6:00 बजे तक। |
| निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 11-02-2026 सायं 6:00 बजे तक। |
| दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराने की तिथि व समय | 12-02-2026 दोपहर 12:00 बजे तक। |
| आनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 12-02-2026 दोपहर 02:00 बजे। |

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र बाय के उपर अटल ज्ञान केन्द्र भवन एवं सीढ़ी निर्माण कार्य | 8.00 | ZJU2526A0709 | ZJU2526WSOB 01228 | 2026_PRD_ 534871_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत बाय से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक** ग्राम पंचायत बाय पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू) — **ग्राम विकास अधिकारी** ग्राम पंचायत बाय पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

### कार्यालय ग्राम पंचायत गोठड़ा पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं
क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2025-26/67 दिनांक :- 29.01.2026

**ई-निविदा सूचना 03/2025-26**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत गोठड़ा के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के उपर अटल ज्ञान केन्द्र भवन एवं सीढ़ी निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तिथि व समय | 02-02-2026, प्रात: 10:00 बजे से 11-02-2026, सांय 6:00 बजे तक। |
| निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 11-02-2026 सायं 6:00 बजे तक। |
| दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराने की तिथि व समय | 12-02-2026 दोपहर 12:00 बजे तक। |
| आनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 12-02-2026 दोपहर 02:00 बजे। |

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के उपर अटल ज्ञान केन्द्र भवन एवं सीढ़ी निर्माण कार्य | 8.00 | ZJU2526A0696 | ZJU2526WSOB 01212 | 2026_PRD_ 533723_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत गोठड़ा से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक** ग्राम पंचायत गोठड़ा पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू) — **ग्राम विकास अधिकारी** ग्राम पंचायत गोठड़ा पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

## सम्पादकीय

# सतही आरोपों की राजनीति, राहुल गांधी का गलवान राग



गलवान में चीनी सेना के साथ खूनी टकराव के मामले में तत्कालीन सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के कथित अंश का जैसा उल्लेख राहुल गांधी ने किया, उस पर हंगामा होना ही था। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आखिर जो पुस्तक प्रकाशित ही नहीं हुई, उसका वह उल्लेख कैसे कर सकते हैं गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए उन पर गलतबयानी का आरोप लगाया, लेकिन वे टस से मस नहीं हुए। इसके बाद सदन में हंगामा हुआ और वह चल नहीं सका।

इस पर कांग्रेस ने आरोप लगाया कि उनके नेता को सदन में बोलने से रोका गया। हंगामे के पहले राहुल गांधी ने जो कुछ कहा, उससे इतना तो स्पष्ट ही है कि वे यही सिद्ध करना चाहते थे कि मोदी सरकार ने चीनी सेना के अतिक्रमणकारी रवैये पर साहस नहीं दिखाया। राहुल गांधी कितनी तैयारी से आए थे, इसका पता इससे चलता है कि वे संदर्भ तो गलवन का देना चाहते थे, लेकिन उन्होंने उल्लेख डोकलाम का किया।

यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी ने यह कहने की कोशिश की हो कि प्रधानमंत्री मोदी चीन का डटकर मुकाबला करने से बचते हैं। वे मोदी सरकार को कमजोर दिखाने के लिए यह भी कहते रहे हैं कि चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। वे यहां तक कह चुके हैं कि चीनी सेना ने भारतीय सैनिकों की पिटाई की थी। इसके लिए उन्हें सुप्रीम कोर्ट की फटकार भी सुननी पड़ी थी। इसके बाद भी वे यह समझने के लिए तैयार नहीं कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में सतही आरोपों के आधार पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।

सब जानते हैं कि गलवन में चीनी सेना को करारा जवाब मिला था और इसी कारण वह वार्ता की मेज पर आया और लद्दाख में कई इलाकों में यथास्थिति कायम हो पाई। इसे पूर्व सेनाध्यक्ष नरवणे भी एक नहीं कई बार सार्वजनिक तौर पर कह चुके हैं। जहां तक उनकी पुस्तक की बात है, तथ्य यही है कि अभी रक्षा मंत्रालय ने उसके प्रकाशन की अनुमति नहीं दी है। यह भी एक तथ्य है कि जिस पत्रिका ने इस पुस्तक के कथित अंश छापे हैं और उनकी अपने हिसाब से व्याख्या की है, वह आधे-अधूरे तथ्यों के साथ सनसनी फैलाने के लिए जानी जाती है। राहुल गांधी केवल कांग्रेस के नेता ही नहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। कम से कम राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में तो उन्हें भारतीय सेनाओं के नैरेटिव के साथ खड़े होना चाहिए। दुर्भाग्य से वे ऐसा नहीं करते। वे चीन और पाकिस्तान को लेकर मोदी सरकार को तो घेरते हैं, लेकिन यह स्मरण नहीं रखते कि इन दोनों देशों ने भारतीय भूभाग पर तब अतिक्रमण किया, जब कांग्रेस सत्ता में थी।

## विशेष आलेख

# लोकलुभावन की बजाय आर्थिक सेहत ठीक करने वाला बजट

**साल 2024-25 और 2025-26 के बजट को देखें तो उन दिनों मोदी सरकार पर जनता से किए गए वायदों को पूरा करने का दबाव था। इसलिए बीते दोनों बजट में लोकलुभावन घोषणाएं की गईं। वैसे भारतीय राजनीति की रवायत बन चुकी है कि ऐन चुनावों से पहले आने वाले बजट प्रस्तावों में उस राज्य विशेष जहां चुनाव होने हैं, के लिए लुभावनी घोषणाओं की बाढ़ आ जाती है।**

अंग्रेजी में एक मुहावरा है, टू रॉब पीटर टू पे पॉल। हिंदी में इसका मतलब होगा, पीटर से लेकर पॉल को देना। दुनिया की हर सरकारों के बजट के लिए इस मुहावरे का बखूबी इस्तेमाल होता है। मीडिया भी हर बजट के दिन एक खबर जरूर बनाता है, रूपया आएगा कहां से और जाएगा कहां। इसका भी मतलब इस मुहावरे जैसा ही। बजट प्रबंधन में दुनियाभर की सरकारें एक व्यक्ति या स्रोत से लेकर दूसरे को उपलब्ध कराती रही हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि हर बजट ऐसा ही होता है। लोकसभा में साल 2026-27 के लिए प्रस्तुत बजट को इस मुहावरे से कुछ हद तक दूर रखा जा सकता है। बजट प्रस्तावों की मीमांसा होती रहेगी, लेकिन फौरी तौर पर देखें तो कुछ चीजें साफ होती हैं। इस बजट के बारे में कह सकते हैं कि यह लोकलुभावन नहीं है।



कुछ ही महीनों बाद पांच महत्वपूर्ण राज्यों में चुनाव होने वाले हैं। पश्चिम बंगाल पर बीजेपी जहां कब्जे की कोशिश में दिन-रात एक किए हुए हैं, वहीं प्रश्न प्रदेश बने तमिलनाडु में भी अपनी ताकतवर उपस्थिति जताने के लिए जोर लगाए हुई है। तमिलनाडु के पड़ोसी केंद्र शासित प्रदेश पुद्दचेरी में भी चुनाव होने हैं। इसी तरह बीजेपी की कोशिश गॉड'स ओन कंट्री यानी भगवान के अपने घर केरल में कमल का फूल खिलाने की है। जबकि असम में तीसरी बार सत्ता हासिल करने के लिए मुतमइन है। राजनीतिक रवायत के मुताबिक, मौजूदा बजट प्रस्तावों में इन राज्यों के लिए घोषणाओं की बाढ़ आनी चाहिए थी। लेकिन तमिलनाडु से आने वाली निर्मला सीतारमण ने अपने नौंवे बजट में ऐसा कुछ भी नहीं किया। इस लिहाज से यह बजट भारतीय राजनीति का नया चेहरा प्रस्तुत कर रहा है।

इस बजट के बारे में कहा जा सकता है कि यह लोकलुभावन घोषणाओं की बजाय संरचनात्मक सुधारों, विनिर्माण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई जैसे भविष्य के क्षेत्रों पर केंद्रित है। इस बजट में जिस तरह शी मार्ट के जरिए महिला उद्योगपतियों को प्रोत्साहन देने की बात है, बेकार और अनुपयोगी हो चुके कानूनों को बदलने के लिए समिति बनाने का का प्रस्ताव है या सात हाईस्पीड रेल कॉरीडोर बनाने की बात है या फिर ग्रामीण बजट को बढ़ावा दिया गया है, या फिर मनरेगा की जगह पर आए नए कानून जी राम जी को जबरदस्त प्रोत्साहन दिया गया है, उस वजह से यह बजट अलग स्वरूप लिए हुए दिख रहा है। शायद यही वजह है कि प्रधानमंत्री ने इसे वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका को सशक्त बनाने वाला बजट बताया है। हालांकि पूर्व वित्त मंत्री और अर्थशास्त्री पी चिदंबरम् मानते हैं कि इस बजट प्रस्ताव में सरकार चीन और अमेरिकी दबाव में दिख रही है। लेकिन विदेशी समाचार माध्यमों और समाचार एजेंसियों की नजर में यह बजट एक तरह से क्रांतिकारी है। दुनिया की जानी-मानी आर्थिक समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग का कहना है कि भारत ने अपने बजट में .133 बिलियन का इंफ्रास्ट्रक्चर दांव लगाया है। इसके जरिए भारत अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को सुपरचार्ज करने की तैयारी में है। इसके साथ ही ब्लूमबर्ग ने बजट में 12.2 लाख करोड़ के कैपेक्स को ग्लोबल सप्लाई चेन के लिए बड़ा संकेत माना है। दुनिया की सबसे बड़ी समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने इन बजट प्रस्तावों को लेकर कहा है कि भारत के इस बजट में वित्तीय अनुशासन बनाम विकास का द्वंद्व दिख रहा है। एजेंसी कहती है कि बजट प्रस्ताव में मोदी सरकार ने 4.3 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य रखा है। इसी तरह उसने बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाया। मोदी सरकार के ये कदम नए बदलाव के प्रतीक हैं। ब्रिटेन से प्रकाशित होने वाले प्रसिद्ध आर्थिक अखबार फाइनेंशियल टाइम्स ने मोदी सरकार के बजट को लेकर कहा है कि यह ग्लोबल अनिश्चितता के बीच भारत का स्थिर कदम है। इस बजट के जरिए भारतीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने निवेश और राजकोषीय विवेक के बीच संतुलन साधने की कोशिश की है। दुनिया की जानी-मानी पत्रिका फोर्ब्स ने 2026 के बजटको लेकर एक तरह से हैरत जताते हुए सवाल पूछ लिया है कि क्या सेमीकंडक्टर और एआई के क्षेत्र मे निवेश भारत को टेक्निकल दुनिया का सुपरपावर बनाएगा? दुनिया की दूसरी बड़ी समाचार एजेंसी एएफपी ने भारत के बजट में बुनियादी ढांचे के लिए रिकॉर्ड 133 अरब डॉलर देने के वादे का स्वागत किया है। कुछ ऐसी ही प्रतिक्रियाएं दूसरी संस्थाओं की भी है। मशहूर रेटिंग एजेंसी मूडीज ने इस बजट को %टैक्टिकल% यानी रणनीतिक करार दिया है। मूडीज का मानना है कि यह बजट क्रेडिट प्रोफाइल में तुरंत बदलाव नहीं करेगा, लेकिन भारत की आर्थिक स्थिरता के लिए अच्छा है। इन प्रतिक्रियाओं में प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिक्रिया को भी जोड़ सकते हैं, जिन्होंने इसे रिफॉर्म एक्सप्रेस बताया है। भारतीय मध्य वर्ग को हर बार बजट से बड़ी उम्मीद रहती है। देश का सबसे बड़ा आयकर दाता मध्य वर्ग ही है। उसे उम्मीद थी कि इस बार के बजट में आयकर पर किंचित ही सही, छूट मिलेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इससे उसे थोड़ी निराशा तो जरूर हुई है। बीबीसी और अल जजीरा जैसे चैनलों ने इस मुद्दे को अपनी रवायत के मुताबिक अपनी समीक्षाओं में प्रमुखता दी है। दोनों ही समाचार संस्थानों ने भारतीय विपक्षी नेताओं और आर्थिक-तकनीकी विशेषज्ञों के हवाले से लिखा है कि आयकर स्लैब में बदलाव न होने से मध्यम वर्ग को उतनी राहत नहीं मिली, जितनी उम्मीद थी। सरकारी कर्मचारी उम्मीद कर रहे थे कि आठवें वेतन आयोग को लेकर भी बजट में कोई बड़ी चर्चा या ऐलान हो सकता है। लेकिन निर्मला सीतारमण ने इससे परहेज किया। इसका यह मतलब नहीं कि बजट में आम आदमी का ध्यान नहीं रखा गया है। बजट में कुछ बेहतरीन घोषणाएं भी हुई हैं। महिला उत्थान और सशक्तीकरण की बात खूब की जाती है, लेकिन गांवों या छोटे शहरों से बड़े शहरों में पढ़ाई या नौकरी के लिए आने वाली लड़कियों की सहूलियतों पर कम ही ध्यान दिया जाता रहा है। लेकिन इस बार बजट में उनका ध्यान रखा है। बजट में हर जिले में महिला छात्रावास बनाने का प्रस्ताव किया गया है।

## आज का राशिफल

### मेष
स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अच्छे लोगों से भेंट होगी जो आपके हितचिंतक रहेंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आलस्य से बचकर रहें। अधिकारी वर्ग विशेष सहयोग नहीं करेंगे। ऋण लेना पड़ सकता है।

### वृष
कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का माहौल बन सकता है। दु:खद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी के भरोसे न रहकर अपना कार्य स्वयं करें। महत्वपूर्ण कार्यों में हस्तक्षेप से नुकसान की आशंका है। परिवार में तनाव रहेगा। व्यापार-व्यवसाय मध्यम रहेगा।

### मिथुन
पुराना रोग उभर सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। यात्रा का शुभ योग होने के साथ ही कठिन कार्य में भी सफलता मिल सकेगी। रिश्तेदारों से संपत्ति संबंधी विवाद हो सकता है। व्यापार-नौकरी में लाभ होगा। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

### कर्क
पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। प्रसन्नता रहेगी। मन में उत्साह रहेगा, जिससे कार्य की गति बढ़ेगी। आपके कार्यों को समाज में प्रशंसा मिलेगी। भागीदारी में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा। मान-सम्मान मिलेगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है।

### सिंह
भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। अर्थ संबंधी कार्यों में सफलता से हर्ष होगा। सुखद भविष्य का स्वप्न साकार होगा। विचारों से सकारात्मकता बढ़ेगी। दुस्साहस न करें। व्यापार में इच्छित लाभ होगा। परिवार की मदद मिलेगी।

### कन्या
जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। मितव्ययिता को ध्यान में रखें। कुटुंबियों से संबंध सुधरेंगे। शत्रुओं से सावधान रहें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। खर्चों में कमी करें। परिवार के कार्यों को प्राथमिकता दें।

### तुला
भ्रम की स्थिति बन सकती है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्या हल हो सकेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें। रुका धन मिलेगा। यात्रा आज नहीं करें।

### वृश्चिक
रोजगार में वृद्धि होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। गर्व-अहंकार को दूर करें। राजनीतिक व्यक्तियों से लाभकारी योग बनेंगे। मनोबल बढ़ने से तनाव कम होगा। साझेदारी में नवीन प्रस्ताव प्राप्त हो सकेंगे। आय से व्यय अधिक होंगे।

### धनु
फालतू खर्च होगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यावसायिक योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पाएगा। परिवार की चिंता रहेगी। अजनबियों पर विश्वास से हानि हो सकती है। आपकी बुद्धिमत्ता सामाजिक सम्मान दिलाएगी।

### मकर
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम न लें। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखें। पत्नी के बतलाए रास्ते पर चलने से लाभ की संभावना बनती है। यात्रा से लाभ। वाहन-मशीनरी खरीदी के योग हैं। व्यवसाय में अड़चनें आएंगी।

### कुंभ
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है। अधिकारी वर्ग विशेष सहयोग नहीं करेंगे। ऋण लेना पड़ सकता है। यात्रा आज नहीं करें। परिवार के कार्यों को प्राथमिकता दें। आपकी बुद्धिमत्ता सामाजिक सम्मान दिलाएगी।

### मीन
धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बचें। कार्य-व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है। दांपत्य जीवन में अनुकूलता रहेगी। सामाजिक समारोहों में भाग लेंगे। सुकर्मों के लाभकारी परिणाम मिलेंगे। सश्रम किए गए कार्य पूर्ण होंगे।

## स्वास्थ्य समाचार

# थायराइड की समस्या में कारगर है मोरिंगा पाउडर, इस तरह से करें सेवन

आज के समय थायराइड एक आम समस्या बनती जा रही है। यह रोग पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं को अधिक होता है। दरअसल, थायराइड हमारे गले में मौजूद एक ग्रंथि होती है, जो कुछ विशेष हार्मोन का उत्पादन करती है। जब इस ग्रंथि का कार्य प्रभावित होता है, तो इसे हाइपोथारायडिज्म और हाइपरथायरायडिज्म कहा जाता है। यदि, इस स्थिति का इलाज न किया जाए, तो मरीज को कई तरह की समस्याएं हो सकती है।



### आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर

मोरिंगा पाउडर आवश्यक विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होते हैं। थायराइड रोगियों के लिए पोषक तत्व का स्तर बनाए रखना महत्वपूर्ण माना जाता है। मोरिंगा पाउडर में विटामिन ए, सी, ई और बी-कॉम्प्लेक्स विटामिन पाया जाता है, जो थायराइड के लिए जरूरी होता है। ये पोषक तत्व हार्मोन बनाने के लिए आवश्यक होते हैं। साथ ही, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने में मदद करते हैं।

### हार्मोनल को बैलेंस करें

मोरिंगा पाउडर में ऐसे गुण होते हैं, जो हार्मोनल को बैलेंस करने में सहायक होते हैं। यह फ्लेवोनोइड्स, फेनोलिक एसिड और आइसोथियोसाइनेट्स जैसे प्लांट बेस्ड न्यूट्रिशन होते हैं, जिनका थायराइड फ़ंक्शन पर सकारात्मक प्रभाव देखा गया है। ये बायोएक्टिव गुण थायराइड हार्मोन को कंट्रोल करने में मदद कर सकते हैं और टी4 (थायरोक्सिन) को सक्रिय रूप, टी3 (ट्राईआयोडोथायरोनिन) में बदलने में सहायता कर सकते हैं।

### एनर्जी लेवल को बढ़ाएं

थायराइड के कारण अक्सर थकान और एनर्जी का लेवल कम हो जाता है। लेकिन, मोरिंगा पाउडर में मौजूद आयरन, मैग्नीशियम और बी-कॉम्प्लेक्स विटामिन होता है, जो एनर्जी लेवल को बनाए रखने में मदद करता है। इसके अलावा, मोरिंगा पाउडर रेड ब्लड सेल को बढ़ाता है, जिससे ऑक्सीजन का लेवल बढ़ता है और थकान कम होती है।

### एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण

मोरिंगा के पाउडर में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो शरीर की सूजन को कम करने का काम करता है। मोरिंगा के पाउडर के गुण थायराइड फंक्शन को बेहतर करते हैं और अन्य जोखिम को कम करने में सहायक होते हैं।

### मोटापे को कंट्रोल करने में सहायक

थायराइड के मरीजों को मोटापा कंट्रोल करने की सलाह दी जाती है। मोरिंगा पाउडर कैलोरी कम होती है। साथ ही, पोषक तत्व के कारण यह वजन को कंट्रोल करने में सहायक होता है। मोरिंगा फाइबर का मुख्य स्त्रोत माना जाता है, जो आपकी भूख को शांत करता है।

# दिनभर में पी जाते हैं कई कप चाय तो इन टिप्स को फॉलो करें, छूट जाएगी आदत

चाय हो या कॉफी, बहुत सारे लोगों के लिए ये किसी एनर्जी ड्रिंक की तरह होती है। जिसे पीने के बाद ही उनका दिन शुरू होता है। खासतौर पर अगर ये बिस्तर पर मिल जाए तो कहना ही क्या। लेकिन ये चाय की चुस्की सेहत के लिए कई सारे नुकसान भी लेकर आती है। चाय और कॉफी में कैफीन की मात्रा होती है जो ज्यादा मात्रा में पीने से इसका आदी बना देती है। साथ ही खाली पेट चाय आपको गैस और ब्लॉटिंग की समस्या भी दे सकती है। अगर आप दिनभर में चार से पांच कप चाय या कॉफी के गटक जाते हैं तो ये ना केवल फिजिकल हेल्थ बिगाड़ेगी बल्कि मेंटल हेल्थ पर भी निगेटिव असर पड़ेगा। ज्यादा मात्रा में चाय या कॉफी पीने से स्ट्रेस और एंजायटी बढ़ती है।



### बेड टी को कहें नो

बिस्तर से उठते ही चाय पीते हैं या फिर बिस्तर पर ही बेड टी लेते हैं। ये दोनों ही तरीके सेहत को खराब करने के लिए काफी है। सुबह उठते ही चाय पीने की बजाय गर्म पानी पी लें। ये आपके बॉडी के टॉक्सिंस को निकालने में मदद करेगी और गर्मागर्म चाय की हैबिट को कम करने में मदद करेगी। शुरू में भले ही आपको अच्छा ना लगे। लेकिन कुछ ही दिनों में इसकी आदत पड़ जाएगी।

### टी ब्रेक ना लें

दिनभर काम करते-करते खाने का समय नहीं मिला और आपने ब्रेकफास्ट, लंच कुछ नहीं किया। तो टी ब्रेक हरगिज ना लें। इससे आपको एसिडिटी सबसे ज्यादा होगी बल्कि समय निकालकर कुछ खा लें। जब पेट भरा होगा तो चाय पीने का मन नहीं होगा। अक्सर लोग भूख लगने पर चाय पी लेते हैं। जिसकी वजह से ना केवल एसिडिटी बनती है। बल्कि ब्लॉटिंग की समस्या भी होने लगती है।

### 1-2 कप चाय ही पिएं

दिनभर में चाय के कई सारे कप को पीते हैं तो सबसे पहले उसे कम करें। दिनभर में केवल 1-2 कप चाय ही पिएं। भले ही आपका कप छोटा सा हो लेकिन फिर भी केवल 1-2 कप से ज्यादा पीने की कोशिश ना करें और पूरी तरह से अवॉइड करें। हालांकि हो सकता है इससे सिर में दर्द हो लेकिन धीरे-धीरे ये खत्म हो जाएगा।

**चीनी या गुड़ की मात्रा कम करें :** चाय पीते हैं तो उसमे मिठास का भी खास ध्यान रखें। चाय की मिठास ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा देती है। इसलिए चाय में एक चम्मच चीनी या गुड़ ही डालें। इसकी मात्रा को धीरे-धीरे कम करें। ध्यान रें कि मिठास के लिए आर्टीफिशियल स्वीटनर का कतई इस्तेमाल ना करें।

**थकान मिटाने या जागने के लिए ना पिएं चाय :** जब थकान महसूस हो रही या रात को देर तक जागना है। दिमाग को एक्टिव रखने के लिए चाय या कॉफी ना पिएं। नहीं तो आप इसके आदी हो जाएंगे और चाय छूटना मुश्किल हो जाएगी। चाय पीने की बजाय आप थोड़ी देर रेस्ट कर लें। ये आपके बॉडी को ज्यादा एनर्जी देने में मदद करेगी।

### हेल्दी स्नैक्स के साथ बनाएं कॉम्बिनेशन

चाय के साथ बिस्कुट, रस, ब्रेड, मठरी जैसी चीजों को बिल्कुल अवॉएड करें। ये कॉम्बिनेशन अनहेल्दी और आपकी सेहत को नुकसान पहुंचाने के लिए काफी।

# यूरिक एसिड बढ़ने के कारण परेशान कर रहा है जोड़ों का दर्द? इसे कम करने के यह तरीके

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य की पर्याप्त देखभाल नहीं कर पाते हैं। उनका ज्यादातर समय ऑफिस की भागदौड़ और घर के अन्य कामों के बीच गुजरता है। इसकी वजह से अपने खुद के स्वास्थ्य के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। जबकि भागदौड़ भरी दुनिया में अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। क्योंकि, लगातार इस तरह की जीवनशैली को फॉलो करने से शरीर में कई रोग पनपने लगते हैं। शरीर में यूरिक एसिड का एसिड का बढ़ना इसका एक बड़ा उदाहरण है। यह समस्या आजकल लोगों में बहुत आम हो गई है। इसके कारण उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिनमें सबसे आम है जोड़ों में दर्द होना। यूरिक एसिड बढ़ने की समस्या प्यूरीन नामक एक प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला अपशिष्ट पदार्थ के कारण होती है, जो शरीर से बाहर निकलने की बजाए कुछ कारणों की वजह से शरीर में ही जमा होने लगता है, जिससे लोगों को असुविधा और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इससे कुछ लोगों को हड्डियों, जोड़ों व मांसपेशियों में गंभीर दर्द का सामना भी करना पड़ सकता है।



**वेजिटेरियन डाइट फॉलो करें :** इसे शरीर में बढ़े हुए यूरिक एसिड को प्राकृतिक रूप से कम करने में मदद मिलती है। कोशिश करें कि कम से कम 3 महीने तक वेजिटेरियन डाइट फॉलो करें। लेकिन अक्सर लोग वेजिटेरियन के चक्कर में इडली, डोसा, रोटी, पनीर आदि का सेवन करने लगते हैं। लेकिन यहां वेजिटेरियन से हमारा मतलब डाइट में सब्जियां अधिक शामिल करना है। कोशिश करें कि 3 महीने तक मौसमी सब्जियां अपनी डाइट में अच्छी मात्रा में शामिल करें। हरी-पत्तेदार सब्जियां, कद्दू और लौकी, तुराई, दूदी, टिंडा और घी आदि जैसे फूड्स डाइट में शामिल करें।

**सोडा बाइकार्बोनेट का सेवन करें :** आपको कोशिश कें कि आप आधा चम्मच सोडा बाइकार्बोनेट का खाली पेट सेवन करें। ऐसा रोज सुबह 5 दिनों तक करें। उसके बाद 3-4 दिन का गैप रखें और दोबारा 5 दिनों तक इसका सेवन करें। इस प्रक्रिया को पूरे महीने फॉलो करें। इससे यूरिक एसिड को कम करने में बहुत मदद मिलेगी।

**डाइजेशन में सुधार करें :** डाइजेशन में सुधार के लिए आपको गलत फूड्स के सेवन से बचने की जरूरत होती है। घर का बना खाना खाएं। डाइट में प्रोबायोटिक्स शामिल करें। भोजन को चबा-चबाकर खाएं और इसके अलावा, कुछ जड़ी-बूटियां भी पाचन में सुधार करने में मदद करते हैं।

# गर्भवती व शिशु के लिए वरदान साबित हो रही है माँ वाउचर योजना

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** गर्भवती के लिए राज्य सरकार की माँ वाउचर योजना लाभदायक साबित हो रही है। गर्भ में भ्रूण के विकास की जानकारी, प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच के लिए शुरू की गई इस योजना के तहत गर्भवती को नि:शुल्क सोनोग्राफी कराने के लिए वाउचर दिए जाते हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व चिकित्सा मंत्री गजेंद्रसिंह खींवसर द्वारा प्रदेश की गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य तथा गर्भ में पल रहे शिशु के विकास की सतत निगरानी के लिए शुरू की गई माँ वाउचर योजना बेहद उपयोगी साबित हो रही है। इस योजना के तहत चिकित्सा विभाग के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती की एलएमपी तारीख के अनुसार दूसरी या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क सोनोग्राफी कराने के लिए वाउचर दिए जा रहे हैं। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विशाल सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह के 9, 18 व 27 तारीख को जिले के सभी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। इस दिन चिकित्सालयों में आने वाली गर्भवती की हिमोग्लोबिनए एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाती है। पीसीटीएस में पंजीकृत गर्भवती की एलएमपी तारीख के अनुसार दूसरी या तीसरी तिमाही वाली को माँ वाउचर योजना के तहत कूपन के रूप में वाउचर दिए जा रहे हैं। ताकि कूपन के माध्यम से गर्भवती विभाग के अधिकृत किसी भी अपने नजदीकी निजी सेंटर पर अपनी सोनोग्राफी नि:शुल्क करवा सके। उन्होंने बताया कि जिन सरकारी चिकित्सालयों में सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध है। वहां से वाउचर नहीं दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि माँ वाउचर योजना के तहत जिले में 72 निजी सोनोग्राफी सेंटर पंजीकृत हैं, जिन पर गर्भवती 30 दिन में नजदीकी सेंटर पर जाकर नि:शुल्क सोनोग्राफी करवा सकती हैं। 27 जनवरी तक जिले की 4 हजार 569 गर्भवती महिलाओं की वाउचर से नि:शुल्क सोनोग्राफी हुई है। उन्होंने ब्लॉकवार लाभान्वित हुई महिलाओं की जानकारी देते हुए बताया पिपराली ब्लॉक में 209, सीकर शहर में 69, फतेहपुर ब्लॉक में 252, अजीतगढ़ ब्लॉक में 318, पाटन ब्लॉक में 296, नीमकाथाना ब्लॉक में 425, नेछवा ब्लॉक में 156, दांता ब्लॉक में 521, पलसाना ब्लॉक में 403, कूदन ब्लॉक में 439, लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक में 297, खण्डेला ब्लॉक में 621 और श्रीमाधोपुर ब्लॉक में 563 गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित किया जा चुका है।



## युवक को दौड़ाकर फायरिंग मामला
# हिस्ट्रीशीटर समेत चार बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के शिप्रापथ थाना इलाके में युवक पर दौड़ाकर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। बदमाशों द्वारा युवक का पीछा कर गोली चलाने की घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें आरोपी हथियार लेकर भागते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर सहित चार आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। शिप्रापथ थानाधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि सेंट विल्फ्रेड कॉलेज के पास स्थित कैफे आरजे-21 पर ऋतिक निठारवाल बैठा था। इसी दौरान स्विफ्ट कार में आए चार बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया। कार से उतरते ही आरोपियों ने पिस्तौल निकालकर ऋतिक पर तान दी। जान बचाने के लिए ऋतिक मौके से भागा तो बदमाश भी उसके पीछे दौड़ पड़े और सड़क पर पीछा करते हुए फायरिंग कर दी। गोली उसके पास से निकल गई, जिससे वह बाल-बाल बच गया। फायरिंग की घटना से इलाके में दहशत फैल गई। हंगामा होने पर आरोपी कार में बैठकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि फायरिंग करने वालों में अशोक, रवि पंडित, शशांक और उनका एक साथी शामिल है। रवि पंडित मानसरोवर और अशोक चंदवाजी थाने का हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है, जबकि शशांक पर भी कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार पीड़ित ऋतिक रेंटल गाड़ियों का व्यवसाय करता है और उसका आरोपी अशोक से रुपए के लेनदेन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में बदमाश उसे धमकाने के लिए आए थे। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

# दुपहिया वाहन चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मालपुरा गेट थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। जयपुर पूर्व पुलिस उपायुक्त संजीव नैन ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले वाहन चोर जगमोहन मीणा 40 निवासी दौसा हाल मानसरोवर जयपुर और मुकेश हरिजन 29 निवासी डिग्गी जिला टोंक हाल सांगानेर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से एक चोरी की बाइक भी जब्त की है। थानाधिकारी उदयभान यादव ने बताया कि पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और पुराने अपराधियों से पूछताछ की । मुखबिर और तकनीकी सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को धर दबोचा । पुलिस अब आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी उदयभान, हेड कांस्टेबल बृजमोहन, धोलीबाई, कांस्टेबल कर्ण, विजयभान, योगराज और सीएसटी टीम की मुख्य भूमिका रही ।

# सामाजिक न्याय की पाठशाला में उल्लेखनीय योगदान पर वरिष्ठ अध्यापक सैनी को मानद डॉक्टरेट

बाबूलाल शर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सामाजिक सेवा और सामाजिक न्याय की पाठशाला में निरंतर योगदान देने वाले झुंझुनू जिले के वरिष्ठ अध्यापक संदीप सैनी को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सोमवार को नई दिल्ली स्थित संविधान क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक भव्य राष्ट्रीय सेमिनार के दौरान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्व संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण आयोग, सहभागिता केयर विलेज फाउंडेशन एवं साहित्य सेवा अवार्ड परिषद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। सेमिनार में देशभर से आए समाजसेवियों, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि संदीप सैनी द्वारा शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों, समानता, पर्यावरण संरक्षण तथा समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों को देखते हुए उन्हें यह मानद उपाधि प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि संदीप सैनी की पत्नी सुनीता सैनी द्वारा प्रगति कम्प्यूटर एंड साइंस एकेडमी का भी संचालन किया जा रहा है, जहां जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को रियायती एवं नि:शुल्क कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान की जाती है। इसके साथ ही वे अविनाश गहलोत फाउंडेशन के माध्यम से भी जिले में शिक्षा और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सम्मान ग्रहण करते हुए संदीप सैनी ने कहा कि मानवता की सेवा करना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। समाज के वंचित वर्ग को शिक्षा से जोड़कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही मेरा संकल्प है। इस सम्मान से जिलेभर में खुशी की लहर है। विभिन्न सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों एवं गणमान्य नागरिकों ने संदीप सैनी को बधाई देते हुए इसे झुंझुनू जिले के लिए गर्व का विषय बताया है।

# मदर लैब और हवा स्पोकलैब का शुभारम्भ

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की राजकीय जिला चिकित्सालय में प्रयोगशाला को राज्य को अनुबन्ध निविदा उपर दिये जाने के पश्चतात आज मंगलवार को सरकार के आदेशानुसार कृष्णा डाइग्नोस्टिक लिमिटेड कम्पनी 03 फरवरी को मुख्य चिकि मनोज कुमार शर्मा, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी सुरेंद्र कुमार द्वारा नई प्रयोगशाला का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर चिकित्सालय के डॉ. रामानुज महर्षि, डॉ. महेन्द्र कुमार घोड़ेला, लेब टेक्नीशियन प्रभाकर कुमावत व पवन कुमार माटोलिया, हरिश भुटियानी, गोरी शंकर माली, मनफुल जांगीड़ सहित चिकित्सक स्टाफउपस्थित थे। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मदरलैब व हब लेब में कुल 151 जाँचे कि जाये, जिसमे 50 तरह की पिनाल रक्त की जाँच होगी वर्तमान के90 रक्त की जाँचे आरम्भ कि जा चुकी है। शेष जाँच कार्य प्रगति पर है।

# सिंधु जल से काटली पुनर्जीवन का प्रस्ताव मुख्यमंत्री को सौंपा माँग पत्र

निसं



**जयपुर/झुंझुनू ( नवयत्न )।** काटली नदी को पुनर्जीवित करने की माँग को लेकर काटली नदी बचाओ जन अभियान संयोजक सुभाष कश्यप ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से राजकीय आवास पर आयोजित जन सुनवाई में मुलाकात कर विस्तृत माँग पत्र सौंपा।

कश्यप ने माँग की कि सिंधु जल समझौते के अंतर्गत पाकिस्तान को दिए जाने वाले पानी का उपयोग राजस्थान की लुप्तप्राय काटली नदी के पुनर्जीवन हेतु किया जाए। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत द्वारा सिंधु जल से संबंधित करार रद्द किए जाने के बाद उपलब्ध जल को काटली नदी में बाँध बनाकर तथा पाइपलाइन के माध्यम से प्रवाहित किया जा सकता है। सरस्वती रूरल एंड अरबन डेवलपमेंट सोसाइटी झुंझुनू के अध्यक्ष सुभाष कश्यप ने माँग पत्र में काटली नदी क्षेत्र को पुनर्जीवित करने हेतु जी.राम.जी के माध्यम से उपयोगी कार्य करवाने, वृक्षारोपण, भूमि समतलीकरण, सीमांकन तथा नदी क्षेत्र के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री को सौंपे गए पत्र में केंद्र सरकार से चंबल, काली सिंध, पार्वती, लूणी, साहबी, घग्घर, काटली, सोती, बनास, बाण सहित अन्य नदियों को आपस में जोड़ने, नदी बहाव क्षेत्र में जल दोहन को नियंत्रित करने, ड्रोन के माध्यम से कृत्रिम वर्षा करवाने तथा काटली नदी की 1947 की राजस्व रिकॉर्ड स्थिति को बहाल करने की माँग की गई। इसके साथ ही आसपास की बंजर, चारागाह एवं वन विभाग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर वन्य जीव अभ्यारण के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव भी रखा गया। कश्यप ने बताया कि राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेश पर काटली नदी से अतिक्रमण हटाने का महा अभियान जारी है, ऐसे में भविष्य में पुन: अतिक्रमण न होए इसके लिए प्रभावी और स्थायी रोक की आवश्यकता है। उन्होंने काटली नदी के सहायक नालों व जल स्रोतों को भी अतिक्रमण मुक्त करने की माँग की। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि अतिक्रमण हटाने व आवंटन निरस्त होने से प्रभावित व्यक्तियों की आजीविका के लिए पुनर्वास अथवा आर्थिक सहायता की समुचित व्यवस्था की जाए। माँग पत्र में उल्लेख किया गया कि वैदिक काल में काटली नदी जयपुर जिले के शाहपुरा क्षेत्र से निकलकर वर्तमान के सीकर, झुंझुनू, चूरू, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिलों से बहते हुए सिंधु नदी में मिलती थी। यह उस समय एक प्रमुख जल मार्ग थी, जिसके किनारे ताम्रकालीन गणेश्वर एवं सुनारी सभ्यताएँ विकसित हुईं, जिनका संबंध सिंधु घाटी सभ्यता से माना जाता है। कश्यप ने कहा कि वर्तमान में काटली नदी लगभग लुप्त हो चुकी है, लेकिन इसके पुनर्जीवित होने से शेखावाटी क्षेत्र की 80 लाख से अधिक आबादी को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। अंत में उन्होंने राज्य के सभी नदी-नालों और जल स्रोतों के संरक्षण हेतु स्थायी समाधान के रूप में श्राजस्थान नदी एवं जल संरक्षण आयोग के गठन की भी माँग की।

# गीता ज्ञान लिखित परीक्षा के पुरस्कार वितरित

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा में मानव प्रबोधन प्रन्यास, श्री लालेश्वर महादेव मंदिर, शिवमठ, शिवबाड़ी बीकानेर के तत्वाधान में आयोजित गीता ज्ञान लिखित परीक्षा मे शामिल नोखा, रोड़ा व जसरासर के सभी स्कूलों में पुरस्कार वितरण किए गए। नोखा प्रभारी पवन चांडक ने बताया कि इस बार सभी स्कूलों में 4 से 12 कक्षा तक प्रत्येक कक्षा में निर्धारित मापदंड के अनुसार प्रथम पुरस्कार स्टील की पानी की बोतल, द्वितीय में मिल्टन कम्पनी की पानी की बोतल, तृतीय में टोक्यो कंपनी की पानी बोतल व बाकी सभी को प्रोत्साहन के स्वरूप गीता ज्ञान कॉपी पुरस्कार स्वरूप वितरण किए गए। सभी शामिल स्कूलो के 309 विद्यार्थियों को गीता ज्ञान लिखित परीक्षा में पुरस्कार प्राप्त हुए हैं स बालक बालिकाओं के चेहरे पर पुरस्कार प्राप्त करने से खुशी झलक रही थी। गीता स्मरण परीक्षा के निर्धारित मापदंड अनुसार पुरूस्कार स्वरूप प्राप्त रुपये भी 10 फरवरी तक सभी स्कूलो में भेज दिये जायेंगे। नोखा प्रभारी पवन चांडक व महावीर साध ने गीता ज्ञान परीक्षा में शामिल सभी स्कूलों का आभार व्यक्त किया व अगली बार ज्यादा से ज्यादा बच्चों को परीक्षा में भाग लेने की विनती की सभी स्कूलो के गुरूजनों को सहयोग के लिए धन्यवाद व साधुवाद कहा स पुरस्कार वितरण में इंदरचंद मोदी, रामदयाल गहलोत, यश चंडक, धर्मेंद्र गहलोत, कंचन सेवग, प्रिया राठी, बजरंग पंचारिया आदि ने सहयोग किया।

# माइनॉरिटीज कर्मचारियों के हित में सौंपा ज्ञापन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राज्य अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसियेशन की स्थानीय इकाई के पदाधिकारियों व सदस्यों ने उपखंड अधिकारी के मार्फत मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में राज्य के अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशासनिक स्थानान्तरण के नाम पर दूरस्थ स्थानों पर स्थानान्तरित नहीं करने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि ऐसे स्थानान्तरणों में कई विधवा, परित्यक्ता, पति-पत्नी राज्य सेवा में आदि के स्थानान्तरण जान-बूझकर दूरस्थ किए जाते हैं, जिससे कार्मिक काफी आहत हैं। अत: इस समस्या का निदान किया जावे। ज्ञापन सौंपते वक्त सऊदी अब्बास, मास्टर दाऊद काजी, सैयद मोहम्मद अकरम, आरिफ, हसन, सलीम खान, हाकिम खान, अली हसन सैयद, सिकन्दर अली सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# 200 बेबी किट भेंट



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** मातृत्व एवं शिशु संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत महावीर इंटरनेशनल नोखा वीर केंद्र द्वारा राजकीय बागड़ी जिला चिकित्सालय नोखा में फरवरी माह के लिए नवजात शिशुओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए 200 बेबी किट भेंट किए गए। इस अवसर पर केंद्र चेयरमैन सुरेन्द्रकुमार हीरावत ने कहा कि यह किट शिशु को हानिकारक किटाणुओं से बचाता है साथ ही शिशु की त्वचा को पोषित भी करता है। केंद्र सचिव बाबूलाल कांकरिया ने बताया कि फरवरी माह के 200 बेबी सुरेन्द्रकुमार, अमितकुमार हीरावत परिवार के सौजन्य से प्रसूति वार्ड प्रभारी प्रज्ञा बारूपाल को भेंट किए गए। इस कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह राठौड़, ईश्वरचंद दूगड़ एएनएम मीरां सहित नर्सिंग स्टाफ उपस्थित था। प्रज्ञा बारूपाल ने महावीर इंटरनेशनल का आभार व्यक्त किया।

# 10 वर्ष पुराने अपहरण व मारपीट के मामले में 5 साल का कारावास

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** करीब दस साल पुराने प्रकरण में न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को दोषसिद्ध करार दिया है। अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर खंडेलवाल ने बताया कि 1 अगस्त 2015 को बीरबल राम निवासी प्रगति नगर सुजानगढ़ ने मुकदमा इस आशय का दर्ज करवाया था कि मेरा भाई रतन हाईवे के पारा खेत में ट्रेक्टर चला कर खेत को समतल करने का कार्य कर रहा था। मेरा भाई सड़क के पास खड़ा खड़ा टेलीफोन पर बात कर रहा था, इतने में एक केम्पर गाड़ी जिसमें महेश गढ़वाल व उसके साथ काफी लोग आये व जिन्होने मेरे भाई रतन का हत्या करने के उद्देश्य से अपहरण करके उठाकर केम्पर गाड़ी में डाल लिया व उसके साथ सरियों व लोहे के पाईपों से तथा थाप मुक्को से मारपीट की। हमने पीछा किया तो महेश गढ़वाल व उसके साथी गोपालपुरा बाइपास मेगा हाईवे पर उसके साथ मारपीट कर रहे थे। जिसका बीच-बचाव कर उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। मुकदमा दर्ज होने पर पुलिस थाना ने जांच कर महेश गढ़वाल के खिलाफ चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया। 10 वर्ष पुराने प्रकरण में कुल 16 गवाहान के बयान व 17 दस्तावेज न्यायालय में अभियोजन विभाग द्वारा प्रस्तुत किये गये। दोनों पक्षकारान की बहस सुनकर न्यायालय एडीजे महेन्द्र प्रताप भाटी ने मुलजिम महेश गढ़वाल निवासी श्यानण को अवैध समूह का गठन कर घातक आयुधों से सुसज्जित होकर बल व हिंसा का प्रयोग कर आहत रतन का अपहरण करके उसके साथ साधारण व गम्भीर चोटे कारित करने का अपराध साबित मानते हुए 5 वर्ष का कठोर कारावास व 9500 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अदम अदायगी जुर्माना अगल अलग धाराओं में कुल 10 माह 15 दिन का अतिरिक्त साधारण कारावास से दण्डित किया गया। अभियोजन विभाग की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक एडवोकेट श्याम सुन्दर खण्डेलवाल ने की।

# पाइप लाइन में लीकेज, दीवार ढ़हने से हुआ लाखों का नुकसान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** मेगाहाईवे स्थित मुस्कान धर्म कांटा के सामने आपणी योजना की पाईप लाईन में लीकेज होने के कारण यहां के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मेगाहाईवे पर विश्वनाथ माली नामक व्यक्ति के प्लॉट की चारदीवारी टूट जाने के कारण उनको लाखों रूपयों का नुकसान हुआ है। विश्वनाथ माली ने बताया कि करीब दो तीन महीनों से यह समस्या व्याप्त है और पाईप लाईप में एयरवाल के पास लीकेज होने के कारण आस-पास की प्लॉटस व जमीनों पर पानी भर गया है। कई लोगों के खेत खराब हो रहे हैं, क्योंकि जमीन गीली हो गई है। विश्वनाथ माली ने बताया कि मेरे प्लॉट की दीवार कच्ची होकर गिर गई, जिससे मुझे लाखों का नुकसान हुआ है। वहीं अब तक आपणी योजना या जलदाय विभाग की ओर से समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है, जिसके कारण आस-पास के लोगों में आक्रोश है। विश्वनाथ माली ने बताया कि या तो विभाग इस समस्या का समाधान समय पर कर देए अन्यथा अब और ज्यादा नुकसान होने पर अधिकारियों पर मुकदमा करके हर्जाना मांगा जायेगा। पास में ही रहने वाले मुमताज अली ने बताया कि खेतों में पानी भर जाने के कारण से लोगों को दिक्कत हो रही है। करीब दो तीन माह से यहां पर लीकेज की समस्या है, जिसका अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करवाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जल्द ही ज्ञापन देकर समस्या का समाधान करवाने के लिए अधिकारियों से मांग की जाएगी। वहीं मौके पर मिस्त्री लोग नई दीवार बनाते नजर आए। वहीं विश्वनाथ माली ने आस-पास के प्लॉट्स व खेतों में भरा पानी दिखाते हुए जन समस्या के समाधान की मांग की है।

# एडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय किसान सभा के स्थानीय अध्यक्ष तेजपाल गोदारा के नेतृत्व में नलिया बास के लोगों ने एडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करके आम सड़क पर होने वाले जलभराव की समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपते वक्त कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया ने एडीएम संतोष मीणा को बताया कि नलिया बास फाटक के पास लोगों को जलभराव की समस्या के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि यहां पर सारा दिन अधिकारियों का आवागमन होता है, फिर भी समस्या का समाधान नहीं होना अपने आप में बड़ी लापरवाही है। प्रदर्शनकारियों ने जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की। इस दौरान मुकेश सांखला, केसरमल तंवर, सुभाष भार्गव, लख्मीचंद तंवर, मनसुख गुर्जर, जगदेव बेड़ा, योगेश स्वामी, विजय कच्छावा, भंवरलाल मारोठिया, मनोहर गुर्जर, मुकेश, चराए मंगतुराम टाक, राकेश तंवर, भगवती प्रसाद तंवर, गोविंद स्वामी, हरिराम माली, कमल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# मेडल्स जीतकर आने वाले कार्मिकों का किया सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** हाल ही में उदयपुर में आयोजित आल इंडिया फायर नेशनल गेम्स 2026 में सुजानगढ़ नगर परिषद के दो फ ायरकर्मियों ने दो गोल्ड मेडल एवं एक कांस्य पदक जीता है। मिक्स डबल्स बैडमिंटन में सुजानगढ़ के फायरमैन प्रमोद बिश्नोई व देविका ने कांस्य पदक जीता। देविका चौधरी फायरमैन ने शॉट पुट इवेंट व 100 मीटर रनिंग इवेंट वर्ग में दो गोल्ड मेडल जीते। बता दें कि इन खिलाड़ियों के प्रयासों से नेशनल गेम्स में अभी तक राजस्थान को दो ही गोल्ड मिले हैं। नगर परिषद के सुनील विश्नोई, सुरेश कुमार मेघवाल ने भी नेशनल गेम्स में भाग लिया। कर्मचारियों की इस उपलब्धि पर नगर परिषद में स्वागत समारोह रखा। जिसमें कार्यवाहक आयुक्त चारवी, एईएन विक्रम जोरवाल, यूडीसी लोकेश जांगिड़ सहित कर्मचारियों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। इस दौरान लेखाधिकारी ओमप्रकाश खीचड़, एआरआई तिलोकचंद, यूडीसी धनराज सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## कनिष्ठ अभियंता को किया एपीओ

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्वायत शासन विभाग जयपुर के अतिरिक्त निदेशक सीमा कुमार ने एक आदेश जारी कर सुजानगढ़ नगरपरिषद के कनिष्ठ अभियंता कमलेश कुमार सुखानिया को एपीओ किया है। हाल ही में कनिष्ठ अभियंता के खिलाफ भाजपा पार्षदों ने धरना दिया था और उन्हें एपीओ किए जाने की मांग की थी। जिसके बाद धरने के 23 वें दिन कनिष्ठ अभियंता कमलेश को यहां से चूरू लगाया गया और प्रशासन द्वारा धरना समाप्त करवाया गया। लेकिन अब स्वायत शासन विभाग के अतिरिक्त निदेशक ने आदेश जारी कर कनिष्ठ अभियंता को एपीओ कर आगामी आदेशों तक निदेशालय में उपस्थिति देने के आदेश दिए हैं।

## सनातन सेवा न्यास के सानिध्य में डॉक्टरों का किया सम्मान



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की राजकीय जिला अस्पताल सेठ सूरजमल जालान में नवनियुक्त चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव कुमार एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. भानीराम सारण तथा पीएमओ सुरेंद्र कुमार का सनातन सेवा न्यास के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर पीएमओ सुरेंद्र कुमार ने जानकारी दी कि जिला अस्पताल की लेबोरेट्री अब 24 घंटे संचालित रहेगी तथा अस्पताल में डिजिटल, आधुनिक एवं उन्नत मशीनों की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है, जिससे मरीजों को बेहतर एवं त्वरित जांच सेवाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम में पंकज शर्मा, गोविंद खठौड़, उमाशंकर शर्मा, विकास महर्षि, महावीर शर्मा, ओमप्रकाश महर्षि, सुरेश धारु, सुनील पंवार, बजरंगलाल प्रजापत, गणेश जोशी, मामन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## न्यायालय ने 10 वर्ष पुराने मामले में 6 आरोपियों को किया बरी

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** एडीजे कोर्ट तारानगर ने एक 10 वर्ष पुराने अपराधिक मामले में 6 आरोपियों को बरी किया है वंही एक आरोपी को भुगती हुई सजा में सजा समायोजित कर मुक्त कर दिया है। एडवोकेट रविन्द्रसिंह मिठड़ी ने बताया की करीबन 10 वर्ष पूर्व पल्लू थाना के 4 पुलिस कर्मचारी साहवा गांव में वारण्टी परमानन्द को गिरफ्तार करने के लिए उसके घर पर आये थे। उक्त चार पुलिस कर्मचारियो ने इन्द्रचन्द, धर्मपाल, सुभाष, प्रभुराम, सांवरमल, परमानन्द व प्रियंका निवासी साहबा के ऊपर यह आरोप लगाते हुए कि उक्त लोगो ने पुलिस टीम के साथ मारपीट कर राजकार्य में बाधा पहुंचाते हुए वारंटी परमानन्द को पुलिस से छुड़ा कर भगा देने का एक मुकदमा पुलिस थाना तारानगर मे दर्ज विभिन्न धाराओं मे दर्ज करवाया। मामले में उक्त सभी के खिलाफ मुशीफकोर्ट तारानगर में चार्जसीर पेश हुईए जिस पर मुंशीफकोर्ट तारानगर ने उक्त सभी को 3-3 वर्ष के कारावास से दण्डीत कर सजा दि गई। इस निर्णय की अपील अपर सेशन कोर्ट राजगढ़ हाल तारानगर में की गई, जिसमे पत्रावली का अवलोकन करने के बाद एडीजे कोर्ट तारानगर द्वारा उक्त 6 आरोपियों को बरी कर परमानन्द को भुगती हुई सजा में सजा समायोजित कर मुक्त कर दिया। सभी अभियुक्तगण की ओर से मामले में पैरवी अधिवक्ता रविन्द्रसिंह मिठड़ी ने की।

## गौशाला में दो जांटी बालाजी मंदिर की नींव रखी

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** नवनिर्मित पंडित गणेश नारायण नेतभोमिया सुरभि गोशाला में बालाजी मंदिर के लिए शुभ मुहूर्त में नींव रखी गई। विजयपाल सिंह व अध्यक्ष हीरानन्द बुगालिया ने बताया कि इस मौके पर पंडित रविकांत शास्त्री ने पूजा अर्चना की। भामाशाह शिवनारायण बुगालिया व पवन सिंह शेखावत द्वारा इस मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इस मौके पर नन्दकिशोर स्वामी, हरिराम जांगिड़, पद्मसिंह शेखावत, कैप्टन महेश बुगालिया, महेंद्र केडिया, गौरीशंकर सैनी, महेंद्र, बुगालिया, मनोहर सिंह आदि मौजूद रहे। महिलाओं ने बालाजी के गीतों की प्रस्तुतियां दी।



# खेतों में आग लगना हुई आम बात....



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय प्रगति नगर से आबसर रोड़ जाने वाले सड़क मार्ग पर स्थित खेतों में आए दिन आग लगने की घटनाएं हो रही हैं, जिससे अब यह संदेह उत्पन्न होने लगा है कि कहीं आग जान बूझकर तो नहीं लगाई जा रही। हाल ही में एक स्क्रेप फैक्ट्री में आग लगने की घटना के बाद दमकलकर्मियों को आग बुझाने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। लेकिन मंगलवार को फिर से चार-पांच खेतों में आग लगने की घटना सामने आई है। खेतों में आग से कचरा जलाये जाने की घटनाएं आम बात होने लगी हैं, जिसके कारण अत्यधिक प्रदूषण होता है।

## शिविर में 107 बच्चों का हुआ उपचार



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाटोदा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिन्हित किए गए 107 बच्चों का उपचार किया गया। वहीं तीन बच्चों को उपचार के लिए उच्च संस्थान में रैफर किया गया। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रसन्नता, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ ईरम शेख, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ नेहा अग्रवाल, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेश ढाका ने सेवाएं दी। बुधवार को सीएचसी रानोली में शिविर आयोजित होगा।

## कैरिअर कार्यशाला आयोजित

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय सेठ सूरजमल भूतोड़िया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत एक दिवसीय केरिअर कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वृत्त निरीक्षक शिंभू दयाल मीणा ने बच्चों को मोबाइल का कम से कम उपयोग करने की सलाह के साथ अपना ध्यान पढ़ाई में लगाने की बात कही। पुलिस उप अधीक्षक ऋतु कुमारी ने पुलिस विभाग में चयन की प्रक्रिया एवं साइबर अपराध से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रहलाद निराणिया ने शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी प्रदान की। डॉ यास्मीन सोलंकी ने बच्चों की रंगोली कला की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में सही उत्तर देने वाली बालिकाओं को पुरस्कार स्वरूप पेन वितरित किए गए तथा रंगोली निर्माण करने वाली बालिकाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण सिंह राठौड़, जौहरी स्कूल प्रधानाचार्य मनीष सिंघाटिया, महिला एवं बाल विकास विभाग से बबीता उपस्थित रही।



## सीवरेज लाइन बनी मौहल्लेवासियों के लिए समस्या

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ शहर में चल रही सीवरेज परियोजना अंतिम चरण में है। पिछले तीन महिनों से पूर्व पालिकाध्यक्ष शिवभगवान कम्मा के घर के आगे बड़ा चैंबर बनाया जा रहा है, इसका काम पूरा नहीं होने की वजह से पीछे के सभी कनेक्शन रूके हुए हैं। लेकिन आरयूआईडीपी के अंतर्गत काम कर रही एजेंसी एलएंडटी के अधिकारियों ने आगे की लाईन को बिना दुरूस्त किए हुए पीछे की साईड में कई मोहल्लों के घरों के कनेक्शन सीवरेज लाइन से जोड़ दिए गए हैं, जिसकी वजह से वाल्मीकि बस्ती में बना अंतिम मैन हॉल गंदगी से भर जाता है तथा गंदा पानी सड़क पर बहता है, जिससे मोहल्ले में गंदगी फैल जाती है और लोगों का बूरा हाल है। हालांकि एलएंडटी कंपनी व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए दिन में तीन से चार बार गंदगी से भरे हुए हॉल को खाली भी करवाती है, लेकिन इस दौरान बदबू फैलने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 10 दिनों से लोगों को इस समस्या से रूबरू होना पड़ रहा है। वहीं प्रतिदिन नए कनेक्शन भी इस लाईन में जुड़ते जा रहे हैं, जिससे यह समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है। कंपनी द्वारा तय समय में काम पूरा करने के दबाव के चलते आगे की लाईन को बिना दुरूस्त किए पीछे कनेक्शन करवा रही है, जो लोगों के लिए परेशानी का सबब बना गया है। जब इस समस्या को लेकर कार्यकारी एजेंसी एलएंडटी के अधिकारी सौभित से जानकारी लीए तो उन्होंने बताया कि पूर्व पालिकाध्यक्ष के घर के आगे बन रहे मैन चैंबर का कार्य कल बुधवार तक पूरा हो जाने के बाद इस लाईन को शुरू कर दिया जाएगा, जिससे इस क्षेत्र में बकाया छह.सात हजार कनेक्शन सुचारू रूप से काम करना शुरू कर देंगे। वहीं दूसरी ओर वार्ड संख्या 36 व वार्ड संख्या 33 में अभी भी कई कनेक्शन बकाया है और कई गलियों की लाइनें शुरू कर दी गई है, जिनके भी चैंबरों से गंदे पानी का रिसाव होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संदर्भ में वार्ड संख्या 33 व 36 के लोगों ने एलएंडटी कंपनी के अधिकारियों को अवगत भी करवा दिया था, लेकिन चार दिन का समय बीत जाने के बाद भी समस्या ज्यों कि त्यों बनी हुई है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे बकाया कनेक्शन कंपनी को नहीं करने देंगे।






# पूर्व मुख्यमंत्री राजे का किया स्वागत

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एन एच 11 पर सोमवार सायं को प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया का पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। राजे जयपुर से बीकानेर जाते समय कुछ समय के लिए यहां रूकी थी। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री राजे ने कहा कि जनता के साथ जुडाव रखना एवं जनता के हितों के लिए सक्रिय रहना ही सच्ची राजनीति है इसलिए जरूरी है कि कार्यकर्ता जनता के हर सुख-दुख में साथ रहे। उन्होंने कहा कि मेरी पूंजी जमीन जायदाद नहीं है कार्यकत्ता है। इनसे मिलना-जुलना बहुत पसंद है व इनका प्यार ही मेरी दोलत है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जोश के साथ राजे का अभिनंदन किया एवं जम कर नारेबाजी की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से राजे का 51 किलो की फुल माला पहना कर स्वागत किया गया। अपने निर्धारित कार्यक्रम से तकरीबन 5 घंटे देरी से पहुंचने के बावजूद भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोश के साथ राजे का अभिनंदन किया एवं जम कर नारेबाजी की। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष पूनमचंद बैद, लीटूकल्पनाकांत, किशोरलाल बील, भाजपा के पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सीमार, भाजपा जिला मंत्री भारती मुद्गल, अनील मेघवाल, लालचंद पंवार, पार्षद नंदकिशोर भार्गव, श्याम पारीक, किसान नेता गंगाधर थालोड़, नवल महर्षि, पिथा राम ज्यानी, भरत सैनी, दामोदर भार्गव, छोटू चौमाल, गोपाल पारीक, नेमीचंद हरितवाल, विकास रिणवां, गोपाल पारीक, सत्यपाल गोतम, सांवरमल जोशी, राधेश्याम रांकावत, मनीष रिणवां, रमेश पारीक, मनीराम पंवार, गोरी शंकर जालान, पूणाराम गोदारा, उमाशंकर दाधिच, मदन लाल दाधिच, गोरी शंकर चोटिया, देवानंद पिपलवा दुर्गा दत्त गोयनका, कुशाल सिंह, रामोतार धानुका, हनुमान सिंह राजपुरोहित, संजय जांगीड़, विजय कुमार चोटिया, पार्षद पवन प्रजापत, पूनम चंद्र गर्ग समाजसेवी, मुरलीधर मंडगीरा, मदन माली, रामकिशन नोहाल, पराकेश शर्मा आईस, मुकेश रिणवा, बनवारी लाल सोनी, आशुतोष पुरोहित, दिपक डिडवानिया, मनोज जोशी, संजय पुरोहित, किशनलाल भाटी, सुरेन्द्र जांगीड़, गोविंद सोनी, धर्मपाल जांगीड़, लालचंद पंवार, हरिप्रसाद पंवार, सत्यपाल गौतम, पूसराज हरितवाल, अभिषेक महर्षि, धर्मचंद जांगिड़, राकेश जांगिड़, श्याम रांकावत, ओमप्रकाश चौमाल, जुलकिशोर प्रजापत, छगनलाल मंडार, पुटिया राजा, लालचंद सोनी, मोहनलाल अग्रवाल, बाबूलाल सारस्वत, रामोतार नोखवाल सहित सैकड़ों भाजपाई उपस्थित थे।

## खाटूश्यामजी के लिए बैंडबाजे के साथ रवाना हुई पदयात्रा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति की और से जयपुर से खाटूश्यामजी के लिए 8 वीं पदयात्रा चांदपोल हनुमान मंदिर से बैंड-बाजे के साथ धूमधाम से रवाना हुई। इस पदयात्रा में 51 यात्री बाबा श्याम की ध्वजाएं लेकर बाबा के जयकारे लगाते हुए रवाना हुए। इस मौके पर श्याम भक्तों को सुबह पंडितों ने विधिपूर्वक मंत्रोच्चारों के साथ धवजा एवं श्याम रथ का पूजन करवाया और गंगोत्री उत्तराखंड के महंत हरीश रावत ने आरती करके बाबा श्यामजी की इस धार्मिक पदयात्रा को रवाना किया। श्यामजी की पदयात्रा में भक्त शंकर नाटाणी, राजू महरवाल, अनुज खंडेलवाल, अशोक खंडेलवाल, गिर्राज गुप्ता, नीरज आकड़, योगेश पाराशर, बाबू लाल शर्मा, कैलाश बड़ाया, नितिश शर्मा, यश गुप्ता, अर्पित बंसल, भोलेनाथ शर्मा ने यात्रा में चंग बजाकर नाचकर झुमे। शंकर झालानी ने बताया कि यात्रा का पहला पड़ाव गोबिंदपुरा में होगा। यात्रा का भक्तों द्वारा जगह-जगह पर फुल बरसा कर और ध्वजाओं की आरती करके स्वागत किया गया। श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति के संरक्षक रामबाबू झालानी ने बताया कि यात्रा खाटूश्यामजी मन्दिर में बुधवार को पहुंचेगी और उसी दिन बाबा श्याम जी को ध्वजा चढ़ाई जाएगी।



## सम्मान समारोह आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे के ग्राम कुलाला हांसपुर में सैनी समाज संस्थान व बिल्डर ग्रुप हांसपुर की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर पूर्व वैज्ञानिक सीताराम सैनी ने समाज को आगे बढ़ाने, शादियों में कम खर्च करने, समाज से में फैली बुराईयां को दूर करने, बड़ों का सम्मान आदि समाज में कई तरह की जानकारियां दी गई। कार्यक्रम संयोजक भंवरलाल सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलराम यादव एविशिष्ट अतिथि सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक, नंदकिशोर सैनी पार्षद, मोहनलाल सैनी पूर्व सरपंच हांसपुर, मोहरी लाल सैनी, कानाराम सैनी पूर्व पार्षद, रामचंद्र सैनी, सरपंच प्रतिनिधि राजेश सैनी नांगल-भीम, रामचंद्र सैनी, कार्यक्रम की अध्यक्षता शीतल प्रसाद सैनी अध्यापक ने की ।इस मौके पर जनप्रतिनिधि व राजकीय सेवा में लगे कर्मचारी, डॉक्टर, पुलिस आदि का सम्मान बिल्डर ग्रुप हांसपुर की ओर से किया गया। इस मौके पर गजानंद सैनी, रामनाथ सैनी, रामनारायण सैनी, राजू सैनी, सांवरमल, बनवारी लाल, हरसराम, बाबूलाल, प्रभु दयाल सैनी पूर्व पंच, बनवारी लाल सैनी, परमानंद आर्य थोई साहित्य कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## राजस्थान राज्य क्रीड़ा की अकादमियों की चयन ट्रायल शुरू

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा सवाई मानसिंह स्टेडियम में आठ दिवसीय विभिन्न खेल अकादमियों में प्रवेश के लिए चयन स्पर्धा मंगलवार से शुरू हो गई। पहले दिन बालक हैंडबॉल अकादमी-जैसलमेर 70 बालिका हैंडबॉल अकादमी-जयपुर 67, बालक साइकिलिंग अकादमी-बीकानेर 40, बालक कुश्ती अकादमी-भरतपुर 55 एवं बालिका खेल संस्थान-कुश्ती, भरतपुर 18 में कुल 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की सचिव नीतू बारूपाल ने बताया कि पहले दिन सभी खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन और मेडिकल करवाने के बाद बैटरी टेस्ट लिया गया। बैटरी टेस्ट में कुल आठ एक्टिविटी है। इन तीनों खेलों के खिलाड़ियों का बुधवार सुबह के सत्र में स्किल टेस्ट लिया जाएगा। शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग तथा अध्यक्ष राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद डॉ. नीरज के पवन भी ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से मिले तथा उनका उत्साहवर्धन भी किया और अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने ट्रायल किस प्रकार से लेते है का भी बारीकी से अध्ययन किया। इस दौरान उनके साथ अकादमी प्रभारी रणविजय सिंह चम्पावत भी मौजूद थे। नीतू बारूपाल ने बताया कि बुधवार को बालक एथलेटिक्स अकादमी-श्रीगंगानगर, अजमेर एवं चूरू तथा बालिका एथलेटिक्स अकादमी-जयपुर व चूरू एवं बालिका खेल संस्थान-भरतपुर, उदयपुर व जयपुर तथा पैरा एथलेटिक्स एवं पैरा पॉवरलिफ्टिंग-जयपुर के लिए रजिस्ट्रेशन, मेडिकल एवं बैटरी टेस्ट होंगे। गुरुवार को इनका स्किल टेस्ट होगा।



# 'यूपी पुलिस मारे नहीं तो क्या गोली खाए'

## पिस्तौल दी है, ट्रेनिंग मिली है; एनकाउंटर पर योगी का जवाब

लखनऊ।

'2012 से 2017 के बीच यूपी में 900 से ज्यादा दंगे हुए। ऐसा कोई शहर नहीं था, जिसने कर्फ्यू का दौर न देखा हो। काई व्यापारी ऐसा नहीं था, जिसने गुंडा टैक्स न दिया हो। अपराध हावी था। ऐसे वक्त पर मुझे दायित्व सौंपा। हमने तय किया- जीरो टॉलरेंस।'

'अगर अपना व्यक्ति भी गलत करेगा तो उसके लिए भी वही कानून लागू होगा, जो माफिया और अपराधी के लिए है। बहुत बार लोग टिप्पणी करते हैं कि पुलिस ने गोली क्यों मार दी। अगर पुलिस गोली न मारे तो क्या खाए। दोनों काम एक साथ नहीं चल सकते।'

अगर उस अपराधी के पास गोली चलाने की आजादी है तो हमने भी पुलिस को पिस्तौल दी है। उन्हें ट्रेनिंग ही इस बात की दी गई है कि अपराधी जिस भाषा में समझे, उस भाषा में समझाने का काम करे।

ये बातें सीएम योगी ने मंगलवार को कहीं। वे लखनऊ में यूपी फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 के उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी थे। इस दौरान सरकार ने 11 कंपनियों के साथ रूब्ष किया। इसके तहत मेडिकल डिवाइस और नई दवाओं पर मिलकर शोध किया जाएगा।



### योगी की स्पीच की बड़ी बातें

#### 1. 2017 से पहले दंगे होते थे, कंपनियां पलायन कर रही थी

योगी ने कहा- 2017 से पहले दंगे होते थे। अपहरण होते थे। कोई डॉक्टर, व्यापारी, बिजनेसमैन ऐसा नहीं था, जिसने गुंडा टैक्स न दिया हो। युवा पलायन कर रहा था। कंपनियां पलायन कर रही थी। जब सुरक्षा नहीं होगी तो कारोबारी कैसे रुक पाएंगे। पहले जो कंपनियां थीं, वो भी जाने लगी थी। यह सभी की पीड़ा थी। जहां बचपन बीता, उस जमीन को छोड़ना बहुत कष्टदायी होता है। यह हर उस व्यक्ति की पीड़ा है, जिसने उस दौर को देखा है।

#### 2. चूज एंड पिक से काम नहीं चलेगा, अपनों पर भी एक्शन

योगी ने कहा- 2017 में पीएम मोदी ने मुझे जिम्मेदारी सौंपी। जब हमने देखा तो तय किया कि जीरो टॉलरेंस। चूज एंड पिक से काम नहीं चलेगा यानी अगर अपना व्यक्ति भी गलत करेगा तो उस पर एक्शन होगा। अपना पराया कुछ नहीं होगा। जब हमने एक्शन शुरू किया, प्रयास किया कि कानून के दायरे में रहकर करें, लेकिन कई बार अगर कोई कानून से डर नहीं रहा था, तो ऐसे व्यक्ति को कानून के दायरे में लाकर कानून की भाषा समझाना तात्कालिक परिस्थिति हो जाती है।

#### 3. समझाया गया तो बड़े-बड़े काम आराम से होने लगे

योगी ने कहा- जब अपराधियों, माफियाओं और अराजक तत्वों को समझाया गया तो बड़े-बड़े काम आराम से होने लगे। कही शांति भंग की बात नहीं हुई, अराजकता की बात नहीं हुई, गुंडागर्दी की बात नहीं हुई। दंगा फसाद नहीं है। आज कहीं भी ऐसी स्थिति नहीं है। यूपी निवेश के बेहतरीन मानक स्थापित कर रहा है।

#### 4. कानून के साथ खिलवाड़ करने की छूट किसी को नहीं

योगी ने कहा- कानून के साथ किसी को खिलवाड़ करने की छूट नहीं है। अगर कानून को कोई आंख दिखाता है तो उसको कानून अपने तरीके से अपने दायरे में लाकर अपने हिसाब से समझाता है। एक वक्त यूपी के अंदर लोगों के मन में अविश्वास था, असुरक्षा थी, क्योंकि अराजकता थी। आज वो दूर की कौड़ी हो चुकी है।

# लोकसभा में सत्ता-विपक्ष में बढ़ा टकराव

## राहुल गांधी के चाईना मुद्दे पर मचा बवाल

नई दिल्ली

लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े विषय को लेकर जारी गतिरोध के बीच मंगलवार को उस वक्त सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव का नया मोर्चा खुल गया जब आसन के समीप कागज उछालने के मामले में आठ विपक्षी सांसदों को वर्तमान बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। कांग्रेस के सात सदस्यों और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के एक सांसद को सदन से निलंबित किया गया है। सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर जारी चर्चा में राहुल गांधी द्वारा नरवणे के एक अप्रकाशित संस्मरण का उल्लेख करने का प्रयास करने के मुद्दे पर बैठक तीन बार स्थगित होने के बाद अपराह्न तीन बजे शुरू हुई तो पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने आसन की अवज्ञा करने के लिए कांग्रेस सदस्यों अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, गुरदीप सिंह औजला, हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत पडोले, किरण कुमार रेड्डी और मणिकम टैगोर तथा माकपा सांसद एस वेंकटेशन के नाम लिए।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने आठों सदस्यों का नाम लेते हुए सदन में प्रस्ताव रखा कि सदन की अवमानना करने और महासचिव तथा लोकसभा अधिकारियों की मेजों के पास आकर कागज उछालकर आसन की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए उक्त सभी सदस्यों को नियम 374 (2) के तहत संसद के वर्तमान सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया जाए। सदन ने ध्वनिमत से इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसके बाद बैठक दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण पर आधारित एक लेख का हवाला देते हुए मंगलवार को लोकसभा में एक बार फिर चीन के साथ सैन्य टकराव का मुद्दा उठाने का प्रयास किया। राहुल गांधी ने मंगलवार को नरवणे की पुस्तक पर आधारित लेख को सत्यापित करते हुए सदन के पटल पर रखा। उनका कहना था कि



मैं चाहता हूं कि इसे सत्यापित किया जाए, मैं इसे पटल पर रख रहा हूं।' कांग्रेस नेता ने लेख का हवाला देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा का महत्वपूर्ण मुद्दा है और इसका चीन तथा पाकिस्तान के साथ संबंध है और यह राष्ट्रपति के अभिभाषण का प्रमुख हिस्सा है।

सरकार ने मंगलवार को कहा कि देश में वामपंथी उग्रवाद लगभग-लगभग समाप्त हो गया है और आगामी मार्च महीने तक यह पूरी तरह खत्म हो जाएगा। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में प्रश्नकाल में कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) को परंपरागत तरीके के साथ ही आधुनिक प्रशिक्षण दिया जाता है और इसमें वर्तमान की चुनौतियों और भविष्य को दृष्टिगत रखा जाता है।

### राज्यसभा की कार्यवाही

राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर आज चर्चा हुई। बजट सत्र यानि वर्ष के पहले सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति के अभिभाषण से होती है। उम्मीद की जा रही है कि चर्चा कल तक चलेगी और इसके पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में चर्चा का जवाब देंगे।

राज्यसभा में मंगलवार को कांग्रेस ने भारत और अमेरिका के बीच समझौता होने की बात सोशल मीडिया में आने और इस बारे में संसद को अवगत नहीं कराये जाने का मुद्दा उठाया जबकि सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर बयान देगी तथा विपक्ष को गैर जिम्मेदाराना व्यवहार नहीं करना चाहिए। उच्च सदन में आज प्रश्नकाल शुरू होते ही कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश सहित पार्टी के कई सदस्यों ने अपने स्थानों पर खड़े होकर आसन का ध्यान भारत एवं अमेरिका के बीच हुए समझौते की ओर दिलाते हुए कहा, ''यह क्या हो रहा है, हमें इसकी जानकारी सोशल मीडिया से मिल रही है...ये देश के साथ धोखा हो रहा है।'' इस पर सदन के नेता नड्डा ने आसन की अनुमति से कहा कि कल रात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देर रात एक ट्वीट कर कहा कि उन्होंने भारत पर लगाये जा रहे शुल्क (टैरिफ) को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अवगत कराया और उन्होंने प्रधानमंत्री को एक सच्चा दोस्त भी बताया।

# राहुल बोले- अमेरिकी ट्रेड डील में पीएम पर प्रेशर

### उन्होंने आपका खून-पसीना बेचा, पहली बार राष्ट्रपति के भाषण पर नेता विपक्ष को बोलने से रोका



**नई** दिल्ली। नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी ट्रेड डील में आपकी मेहनत के खून-पसीने को बेच दिया है, क्योंकि वे कॉम्प्रोमाइज्ड हैं। इसके जवाब में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शाम को ट्रेड डील पर पहला बयान दिया। उन्होंने कहा कि राहुल देश को गुमराह कर रहे हैं। कृषि-डेयरी क्षेत्र को संरक्षित रखा जाएगा। इस डील पर दोनों देश जल्द साझा बयान जारी करेंगे। दरअसल, ट्रम्प ने सोमवार को भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ को घटाकर 18% कर दिया है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि भारत अब रूस से तेल खरीदना अब बंद कर देगा।

राहुल ने आरोप लगाया कि एपस्टीन फाइल्स में और भी बहुत कुछ है जो अमेरिका ने अभी तक रिलीज नहीं किया है। इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति के भाषण पर नेता विपक्ष को बोलने नहीं दिया गया है। जनता को इस बारे में सोचने की जरूरत है।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट के जरिए पीएम मोदी के साथ फोन पर बातचीत और भारत के साथ ट्रेड डील की जानकारी दी। उन्होंने लिखा- भारत के प्रधानमंत्री मोदी से बात करना मेरे लिए सम्मान की बात थी।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- मेटा-वॉट्सएप कानून मानें या भारत छोड़ें

### भारतीयों का डेटा शेयर करने की इजाजत नहीं देंगे; कंपनी ने जुर्माने के खिलाफ अपील की थी

नई दिल्ली।



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मेटा और वॉट्सएप को उनकी प्राइवेसी पॉलिसी पर कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हम आपको एक भी जानकारी शेयर करने की इजाजत नहीं देंगे। आप इस देशवासियों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, यदि आप हमारे संविधान का पालन नहीं कर सकते, तो भारत छोड़ दें। हम नागरिकों की प्राइवेसी से समझौता नहीं होने देंगे। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पांचोली की बेंच मेटा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यह याचिका वॉट्सएप की 2021 प्राइवेसी पॉलिसी से जुड़ी है, जिसमें कंपटीशन कमीशन ऑफ इंडिया ने नवंबर 2024 में मेटा पर 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। इसे राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने बरकरार रखा था। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने याचिका में आईटी मंत्रालय को भी पक्षकार बनाने को कहा है। कोर्ट 9 फरवरी को अंतरिम आदेश देगा।

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि देश में लोगों के प्राइवेसी के अधिकार की कड़ी सुरक्षा की जाती है। कोर्ट ने कहा कि इन एप्स में गोपनीयता से जुड़ी शर्तें इतनी चालाकी से लिखी जाती हैं कि आम आदमी उन्हें समझ ही नहीं पाता। यह लोगों की निजी जानकारी चोरी करने का शालीन तरीका है। कोर्ट ने कहा कि हम आपको ऐसा करने की अनुमति नहीं देंगे। आपको इस पर साफ-साफ भरोसा दिलाना होगा, नहीं तो कोर्ट को आदेश जारी करना पड़ेगा। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा। मेटा की ओर से सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी और व्हाट्सएप की ओर से अखिल सिब्बल पेश हुए। दोनों ने बताया कि जुर्माने की राशि जमा करा दी गई है।

## कैंसर उपचार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सटीकता और विशेषज्ञता का बढ़ता महत्व

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** कैंसर के निदान और उपचार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। एआई-आधारित तकनीकों की मदद से बीमारी की पहचान अधिक प्रारंभिक और सटीक स्तर पर संभव हो पा रही है, वहीं ट्रीटमेंट प्लानिंग और मॉनिटरिंग भी पहले से अधिक प्रभावी हो रही है। भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट के डॉ. नरेश जाखोटिया ने बताया कि आधुनिक रेडिएशन थेरेपी में उपचार की योजना बनाते समय ट्यूमर की स्थिति, उसका आकार और आसपास के संवेदनशील अंगों को विशेष रूप से ध्यान में रखा जाता है। उन्नत प्लानिंग और विश्लेषण प्रणालियों की सहायता से रेडिएशन को अत्यंत सटीक रूप से लक्षित किया जा सकता है, जिससे उपचार की प्रभावशीलता बढ़ती है और स्वस्थ ऊतकों को अनावश्यक क्षति से बचाया जा सकता है। उनके अनुसार, इस प्रकार की सटीकता से मरीजों की सहनशीलता बेहतर होती है और उपचार के दौरान तथा बाद की जटिलताओं में कमी आती है। बीएमसीएच के सीएआर-टी सेल थेरेपी विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश सिंह शेखावत ने बताया कि रक्त कैंसर के उपचार में सेल-आधारित थेरेपी ने नई संभावनाएँ खोली हैं। मरीज की रोग-स्थिति, पूर्व उपचार प्रतिक्रिया और जैविक प्रोफाइल के आधार पर उपचार रणनीति तय करना अब अधिक प्रभावी रूप से संभव हो पा रहा है, जिससे जटिल मामलों में भी बेहतर परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

## शर्मा का रेलवे में चयन



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** एसबीएन पीजी कॉलेज के एमए राजनीति विज्ञान के प्रथम सेमेस्टर के छात्र शुभम शर्मा पुत्र ललित शर्मा का चयन उत्तरी पूर्वी फ्रां टियर रेलवे में खेल कोटा की भर्ती में गुवाहाटी में चयन होने पर महाविद्यालय के निदेशक डॉ. मुकेश बल्डवाल, सचिव इंजी प्रदीप धायल, प्राचार्य डॉ. सुरेश कुमार जाट, खेल कोच बनवारी लाल जीतरवाल, संकाय विभागाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार शर्मा व समस्त स्टाफ सदस्यों ने चयनित छात्र को माला पहना कर, पुष्प गुच्छ भेंट कर, मिठाई खिलाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दी प् कोच जीतरवाल ने बताया कि शुभम शर्मा इससे पूर्व शेखावाटी विश्वविद्यालय का क्रिकेट में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और उम्मीद जताई कि वह जल्दी ही शानदार प्रदर्शन कर रेलवे से रणजी खेलते हुए नजर आएंगे।

## मोबाइल चोरी और खरीद-फरोख्त करने वाले दो गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** सांगानेर थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी करने और उसे खरीदने के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का मोबाइल बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पूर्व पुलिस उपायुक्त संजीव नैन ने बताया कि सांगानेर थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी करने और उसे खरीदने के आरोप में अभिषेक कुशवाहा निवासी शाहपुरा उत्तर प्रदेश हाल निवारू रोड जयपुर और ललित राव निवासी निवारू रोड जयपुर को गिरफ्तार किया है। सांगानेर थानाधिकारी लिखमाराम ने बताया कि पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित अभिषेक कुशवाहा जब्तशुदा यह मोबाइल ललित राव से खरीदा था। ललित ने उसे मोबाइल का कोई बिल नहीं दिया था। अभिषेक इस मोबाइल को आगे बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश रहा था। लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उसे धर दबोचा। फिलहाल पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में गहन अनुसंधान कर रही है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थानाधिकारी लिखमाराम के साथ हेड कांस्टेबल रामप्रकाश, कांस्टेबल शंकर लाल, दीपक और विष्णु कुमार शामिल थे।

## लोगों की जन समस्याओं के बारे में ली जानकारी

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के न्याय आपके द्वार अभियान द्वारा तालुका विधिक सेवा समिति एडीजे कोर्ट सुजानगढ़ के निर्देश पर पीएलवी अशोक तिवाड़ी द्वारा शहर में समस्याएं सुनी गई। अभियान कार्यक्रम के तहत अशोक तिवाड़ी ने जनता को जन उपयोगी योजनाओं के बारे में बताकर जागरूक किया। बिजली, पानी, सड़क, पेंशन सम्बंधित जानकारी दी। लोगों को विभिन्न प्रकार की कानूनी जानकारी देकर जागरूक किया गया और लोगों ने ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की मांग की।

## खाटूश्यामजी क्षेत्र में भिक्षावृति से 2 नाबालिग बच्चे मुक्त करवाए

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** मानव तस्करी विरोधी इकाई और चाइल्ड हेल्पलाइन बाल अधिकारिता विभाग के द्वारा मंगलवार को खाटूश्याम जी से 2 नाबालिग बच्चों को भिक्षावृति से मुक्त करवाया गया। इनकी आयु 12 ओर 15 वर्ष है रेस्क्यू किए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति के सदस्य बिहारी लाल बालान के समक्ष पेश किया गया और बाल कल्याण समिति के आदेश पर दोनो बच्चो को परमार्थ सेवा संस्थान में अस्थाई प्रवेशित किया गया है यह कार्रवाई भिक्षावृति उन्मूलन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है टीम में मौजूद मानव तस्करी विरोधी यूनिट की प्रभारी सुनीता बॉयल, मनोज, प्रेम प्रकाश चाईल्ड हेल्प लाइन से राकेश चिरानिया, ममता सैनी आदि शामिल रहे ।

## शिविर 6 फरवरी को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ मासिक शिविर का आयोजन 6 फरवरी 2026 को प्रात: 11 बजे अटल सेवा केन्द्र हमिरपुरा में आयोजित किया जावेगा। कर्नल ब्रिजेन्द्र सिंह महला जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीकर ने बताया कि नजदीकी गावों के समस्त पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों को सूचित किया जाता है कि वे समस्या समाधान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्या के निदान करावें। सभी पूर्व सैनिकों से निवेदन है कि वे अपने साथ स्पर्श पिपीओ, डिस्चार्ज बुक व बैंक पास बुक साथ लेकर आयें। अधिक से अधिक संख्या में नजदीकी गांवों से वीरांगनाएं एवं भूतपुर्व सैनिक शिविर में पहुंचने की कृपा करें।

## केंद्रीय बजट : अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में ठोस कदम

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा, बजट में क्रिटिकल मिनरल्स और दुर्लभ धातुओं पर सरकार द्वारा विशेष फोकस का वह स्वागत करते है। दुनिया भर की मौजूदा स्थिति को देखते हुए क्रिटिकल मिनरल्स की प्रोसेसिंग के लिए कैपिटल गुड्स पर इम्पोर्ट ड्यूटी में छूट भी फायदेमंद साबित होगी। एनवायरो इन्फ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनीष जैन ने कहा कि भारत के केंद्रीय बजट 2026 में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में रिकॉर्ड 12ण्2 लाख करोड़ की भारी बढ़ोतरी से परिवहन, लॉजिस्टिक्स, शहरी और जल प्रणालियों में आधुनिक और एकीकृत बुनियादी ढ़ांचा विकास के लिए उल्लेखनीय प्रोत्साहन मिलेगा। होराइजन इंडस्ट्रियल पार्क्स के सीईओ उर्वेश रामभिया ने टिप्पणी की केंद्रीय बजट 2026-27 विनिर्माण को बढ़ाने, विरासत क्षेत्रों, क्लस्टरों को पुनर्जीवित करने और शहरी आर्थिक क्षेत्रों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ यह भारत के औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स पारिस्थितिकी तंत्र के लिए निरंतर गति प्रदान करता है। इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस के सीईओ राकेश जैन ने कहा कि मोटर बीमा से संबंधित सुधार, विशेष रूप से मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा दिए गए ब्याज पर आयकर की छूट और टीडीएस को हटाने सेएदावेदारों के परिणामों में उल्लेखनीय सुधार होगा और दावा प्रक्रिया में विश्वास बढ़ेगा। यह मोटर बीमा को अधिक ग्राहक-केंद्रित और उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## ट्रेन की चपेट में आने से पशुपालक की मौत

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ क्षेत्र में मवेशी की तलाश करते समय पटरियों को पार कर रहा 66 वर्षीय पशुपालक की ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां पर मृतक के बड़े भाई की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि मालपुर निवासी 68 वर्षीय बहादुरसिंह पुत्र डालूसिंह निवासी मालपुर ने रिपोर्ट दी कि उसका छोटा भाई करणीसिंह अपनी भैंस को ढुंढने के लिए घर से निकला था। घुमांदा सड़क मार्ग के पास निकल रही रेल पटरियों को पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वकीलों की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन



निसं

**उदयपुरवाटी (नवयत्न)।** उदयपुरवाटी प्रशासन की अक्रमणियता व अनदेखी से परेशान लोगो व अभिभाषक संघ द्वारा उदयपुरवाटी में सप्ताह भर से चल रहे 3-3 धरने प्रदर्शन के बारे अरावली चेतना संस्थान सेवा समिति के संयोजक केके सैनी के नेतृत्व में राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता माननीय टीकाराम जूली साहब को ज्ञापन देकर अवगत करवाया गया है कि इन समस्याओं को विधानसभा में उठाने के लिए ज्ञापन पत्र सौंपा । प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली ने पूर्ण आश्वासन देकर सरकार का ध्यान आकर्षित करने का विश्वास दिलाया है। इस दौरान लक्ष्मण चौधरी, भवानी सिंह, एडवोकेट राम निवास, विक्रम सिंह व अन्य लोग भी साथ रहे।

## संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ कार्यक्रम आज

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** भारत सरकार के आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के तहत चूरू जिले के आशान्वित ब्लॉक राजगढ़ में चयनित 06 संकेतकों की संतृप्ति के लिए संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ बुधवार, 04 फरवरी को राजगढ़ पंचायत समिति सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा। मुख्य आयोजना अधिकारी भागचन्द खारिया ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास, आजीविका आदि से संबंधित संकेतकों पर समन्वित प्रयास कर आमजन को विभिन्न विभागों की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत आगामी 3 माह में चिन्हित 06 संकेतकों नियमित रूप से पूरक पोषण प्राप्त करने वाले 06 महीने से 06 वर्ष की आयु के बच्चों का प्रतिशत, आंगनबाड़ी केन्द्रों में नामांकित बच्चों की मापन क्षमता का प्रतिशत, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शौचालयों की उपलब्धता का प्रतिशत, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पेयजल सुविधा, कुल विद्यालयों की तुलना में पर्याप्त संख्या में बालिका शौचालय सुविधा वाले विद्यालयों का प्रतिशत, पशुओं के टीकाकरण का प्रतिशत आदि के लक्ष्यों के विरूद्ध शत-प्रतिशत उपलब्धि पर काम किया जाएगा।

## प्रतिभाओं का किया सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** गौड़ विप्र सेवा समिति की ओर से बिमला देवी पत्नी स्व. रामचंद्र सुरोलिया के सहयोग से दुलिया बास के गौड़ भवन में मानस व्याख्यान एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रणवाश्रम गनेड़ी के सन्त निवृतिनाथ महाराज के सान्निध्य में हुआ। शुभारम्भ भगवान परशुराम के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद व्यासपीठ पर संत का स्वागत समाज के पं बृजमोहन सुरोलिया ने किया। रामचरितमानस पर व्याख्यान करते हुए निवृत्तिनाथ महाराज ने कैकई प्रसंग, राम की मातृ पितृ भक्ति आदि के बारे में बताते हुए कहा कि जीवन के हर चरण में हम मानस से शिक्षा ले सकते हैं। व्याख्यान के बाद आयोजित प्रतिभा सम्मान में बैंक अधिकारी सुधांशु भूषण, नथमल इंदोरिया, अशोक कुमार शर्मा व जितेंद्र सुरोलिया मंच पर मौजूद थे। अलग-अलग वर्गों में 50 से ज्यादा प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने कहा कि शिक्षा हासिल करने के साथ ही संस्कारवान होना आवश्यक है।

विप्र गौरव सम्मान में पं बृजमोहन सुरोलिया, परमानन्द, कमल धरड़, पवन इंदोरिया, स्नेहप्रभा, जय कुमार मिश्रा को सम्मानित किया गया। रामचरित मानस प्रतियोगिता परीक्षा में मुकुंद सुरोलिया, वन्दना सुरोलिया व काव्य चंदोलिया को सम्मान दिया गया। सचिव राकेश शर्मा ने संस्था के विकास कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि सुधांशु भूषण ने अपने उद्बोधन में मानस के नवाचार की सराहना की।

## जयपुर में लॉन्च हुआ अस्सी का ट्रेलर : तापसी पन्नू ने किया ऑन-ग्राउंड प्रमोशन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अभिनेत्री तापसी पन्नू निर्देशक अनुभव सिन्हा की आगामी इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी के जरिए एक बार फिर कोर्टरूम जॉनर में नजर आएंगी। फिल्म के मोशन पोस्टर को मिले शानदार प्रतिसाद के बाद प्रमोशन अभियान की शुरुआत मंगलवार को जयपुर से की गई। इस दौरान तापसी पन्नू ने फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में फिल्म की टीम ने बड़े पर्दे पर ट्रेलर प्रदर्शित किया। जिसे तापसी ने मीडिया प्रतिनिधियों, पत्रकारों, फैंस और डिजिटल क्रिएटर्स के साथ देखा। उन्होंने फिल्म की कहानी, विषयवस्तु और सामाजिक सरोकारों पर चर्चा भी की। फिल्म के मोशन पोस्टर ने पहले ही अपने सशक्त संदेश और गंभीर टोन के कारण दर्शकों में उत्सुकता पैदा कर दी थी। जयपुर में ट्रेलर शोकेस के दौरान दर्शकों ने फिल्म के कोर्टरूम माहौल और सामाजिक मुद्दों से जुड़ी



कहानी को सकारात्मक प्रतिफिया दी। फिल्म अस्सी एक तेज रफ्तार इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर है। जो देश में रोजाना दर्ज होने वाले करीब 80 यौन उत्पीड़न मामलों की सच्चाई से प्रेरित है। फिल्म में तापसी पन्नू के साथ कनी कुसरुति, रेवती, मनोज पाहवा, कुमुद मिश्रा और मोहम्मद जीशान अय्यूब अहम भूमिकाओं में हैं। वहीं नसीरुद्दीन शाह, सुप्रिया पाठक और सीमा पाहवा विशेष प्रस्तुतियों में नजर आएंगे। गुलशन कुमार और टी-सीरीज प्रस्तुत इस फिल्म का निर्माण बेनारस मीडिया वर्क्स के बैनर तले भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और अनुभव सिन्हा ने किया है। फिल्म 20 फरवरी 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## एनएच 58 चौड़ाई करण के दौरान बड़ी लापरवाही
### एक साथ दोनों तरफ सड़क खुदाई से हो रहे हादसे

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** नेशनल हाईवे संख्या 58 पर डीडवाना ओवरब्रिज से रेलवे ओवर ब्रिज तक चल रहे सड़क चौडाईकरण के काम में बड़ी लापरवाही की जा रही है जिसके चलते यहां हादसे होने लगे हैं। निर्माण एजेंसी ने सड़क के दोनों ओर एक साथ तोड़फोड़ शुरू कर दीए जिससे मार्ग और संकरा हो गया है। दोनों साईड पर कट्टे लगा दिए गए हैं, लेकिन यहां चेतावनी बोर्ड तक नहीं लगाए गए। नतीजा यह है कि तेज रफ्तार भारी वाहनों के चलते दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। हरिओम टाक ने बताया कि काम शुरू होने के बाद अब तक छोटे-बड़े करीब पांच सात हादसे हो चुके हैं। महज 2 दिन पहले ही एक ट्रक ने बुजुर्ग व्यक्ति को टक्कर मार दीए जिसमें उनका एक पैर कट गया। आसपास के दुकानदारों और लोगों ने निर्माण कार्य में लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सड़क चौड़ीकरण से पहले कोई चेतावनी बोर्ड या डायवर्जन की व्यवस्था नहीं की गई, जिससे वाहन चालकों को आगे निर्माण कार्य की जानकारी नहीं मिल पाती और हादसे बढ़ रहे है। स्थानीय लोगों ने यहां यातायात सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने, चेतावनी बोर्ड लगाए जाने और काम को चरणबद्ध तरीके से करने की मांग की है जिससे यहां हाईवे पर हादसों की रोकथाम हो सके।

## यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज का जोरदार प्रदर्शन



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** यूजीसी कानून के विरोध में मंगलवार को श्रीमाधोपुर में सवर्ण समाज द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में समाज के लोग एकजुट होकर सड़कों पर उतरे और यूजीसी कानून के खिलाफ अपना आक्रोश जताया। विरोध स्वरूप नौलखा कोठी, सीकर बाजार से एसडीएम कार्यालय तक विशाल रैली निकाली गई, जिसमें स्वर्ण समाज में आने वाली सभी जातियों यथा ब्राह्मण, अग्रवाल, राजपूत आदि की महिला-पुरुष, युवा एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल रहे। रैली के चलते श्रीमाधोपुर का बाजार पूरी तरह बंद रहा। दुकानों, प्रतिष्ठानों और व्यापारिक संस्थानों पर ताले लटके रहे, जिससे आंदोलन की व्यापकता और प्रभाव साफ नजर आया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में बैनर, पोस्टर व श्लोकबद्ध तख्तियां लेकर यूजीसी कानून के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सवर्ण समाज के लोगों का कहना था कि यूजीसी कानून शिक्षा व्यवस्था के लिए घातक है और इससे योग्य अभ्यर्थियों के अधिकारों का हनन होगा। समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि यह कानून युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

रैली के दौरान पूरे मार्ग पर अनुशासन बना रहा और प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। रैली में आसपास के गांव के लोग भी आए जिनमे नांगल भीम, हांसपुर, विजयपुरा आदि गांव ढ़ाणियों से रैली मे पहुंचे । रैली के समापन पर सवर्ण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम अनिल कुमार को राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यूजीसी कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि सरकार ने इस कानून पर पुनर्विचार नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। सवर्ण समाज के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि आंदोलन की अगली कड़ी में शनिवार 14 फरवरी को मशाल जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे। उन्होंने सभी समाजजनों से एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की। प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इस अवसर पर एडवोकेट दिनेश सिंह शेखावत, विजेंद्र नाययनकाजोशी, अनिल कुमार, कमलेश कुमार शर्मा, पवन कुमार, मनीष, मुकेश कुमार, जितेंद्र, नितेश कारिया, बनवारी लाल शर्मा नांगल-भीम, गोपाल, महेश कुमार, राजेंद्र कुमार कसेरा, दिनेश शर्मा, एडवोकेट बाबूलाल शर्मा, भागीरथ सिंह, विजेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार, पवन कुमार शर्मा, प्रकाश जैन, अशोक भिंडा, नरेश कुमार शर्मा, दिलीप सिंह, पवन कुमार, नंदकिशोर, श्याम लाल शर्मा, अंकित शर्मा, नितेश कुमार, अंकित कुमार, गोपाल शर्मा, बाबूलाल चौधरी, श्याम मंगलीहारा, बाबूलाल शर्मा सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## इंडिया स्टोन मार्ट : तैयारियों का लिया जायजा

**जयपुर ( नवयत्न )।** इंडिया स्टोन मार्ट 2026 का आयोजन 5 फरवरी से 8 फरवरी 2026 तक जयपुर के जेईसीसी सीतापुरा में किया जाएगा। जिसमें देश-विदेश से स्टोन उद्योग से जुड़े प्रमुख उद्योगपति, निर्यातक, आयातक, तकनीकी विशेषज्ञ और निवेशक भाग लेंगे। जिसकी तैयारियां तेजी से अंतिम चरण में पहुंच रही हैं। इसी क्रम में मंगलवार को एसीएस उद्योग शिखर अग्रवाल जेईसीसी सीतापुरा पहुंचे। जहां उन्होंने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर अब तक की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान प्रदर्शनी हॉल, आगंतुक सुविधाएं, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, लॉजिस्टिक प्लानिंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई। एसीएस शिखर अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आयोजन के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। ताकि देश-विदेश से आने वाले उद्योग प्रतिनिधियों, व्यापारियों और निवेशकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि इंडिया स्टोनमार्ट न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश के स्टोन उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जो व्यापार, निवेश और तकनीकी नवाचार के नए अवसर उपलब्ध कराएगा। ऐसे में



आयोजन की हर व्यवस्था समयबद्ध, सुव्यवस्थित और उच्च गुणवत्ता वाली होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और शेष तैयारियों को तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही आयोजन के दौरान सुचा: संचालन, भीड़ प्रबंधन और मीडिया समन्वय पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही गई।

## मुख्यमंत्री की पहल से ग्राम उत्थान शिविरों में ग्रामीण लाभान्वित

निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल से जिले में आयोजित ग्राम उत्थान शिविरों से ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं। जिले के गिरदावर सर्किल में 23 जनवरी से ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन जारी है। इन शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित संबंधित विभागों की सहभागिता से कृषकों एवं पशुपालकों सहित ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभान्वित किया जा रहा है। जिला कलक्टर मुकुल शर्मा के निर्देशन में शिविर सफलतापूर्वक संचालित किये जा रहे हैं। कृषि विभाग की संयुक्त निदेशक प्रिया झाझड़िया के अनुसार अभी तक जिले में आयोजित शिविरों में 1146 किसानों को कृषि विभाग की तारबंदी के आवेदनों के वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। इसी तरह किसानों को डिग्गी के आवेदनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी, 1492 को पाईप लाईन, 12793 को फसल बीमा योजना, 113 को बैलों से खेती योजना अंतर्गत प्रोत्साहन राशि के आवेदनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी, 12691 को समर्थन मूल्य की जानकारी, 16995 को कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही 5969 किसानों में मिनी किट वितरण का सत्यापन और 2973 में बीज वितरण का सत्यापन किया गया। शिविर में अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ 1899 सॉयल हैल्थ कार्ड का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि उद्यानिकी विभाग द्वारा फुव्वारा, ड्रिप, प्लास्टिक मल्च इत्यादि योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विपणन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना की जानकारी दी गई। सहकारिता विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्डए कृषि, गैर कृषि 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना , नए कस्टम हायरिंग सैटर के आवेदन तैयार करवाने की जानकारी दी गई। पशुपालन विभाग द्वारा 17267 पशुओं को प्राथमिक चिकित्सा करते हुए कृमिनाशक औषधि पिलाई। उन्होंने बताया कि फीवर रोग टीकाकरण, 50 पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान व 495 फर्टीलिटी किट का भी वितरण किया गया। गौशाला विकास योजना की जानकारी दी गई। मत्स्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का प्रचार-प्रसार किया गया। ऊर्जा विभाग द्वारा पीएम सूर्यघर योजनान्तर्गत पंजीकरण व इसके साथ-साथ राजस्व विभाग ने 68 फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण किया गया। ऊर्जा विभाग द्वारा पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत 1006 पंजीकरण, 20993 किसानों को वीबी-जीरामजी की जानकारी, 311 में स्वामित्व कार्ड वितरण, नहरों व खालों की मरम्मत की आवश्यकताओं के 1 प्रकरणों का चिन्हिकरण, युवा स्वरोजगार योजना हेतु 58 आवेदन तैयार करवाये गये।

## शिविर आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र सीकर विकास सिहाग ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजनान्तर्गत क्षेत्र में अनुसुचित जाति एवं जनजाति के लोगों को आद्यौगिक क्षेत्र में बढावा देने के लिए जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, सीकर द्वारा 4 फरवरी 2026 को ग्राम पंचायत खाचरियावस सीकर में उद्यम जागरूकता शिविर का आयोजन प्रात: 11:30 बजे से किया जायेगा।

## अग्निवीर करणसिंह राठौड़ का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** इलाके के कंचनपुर-जोरावरनगर निवासी अग्निवीर करणसिंह राठौड़ का ड्यूटी के दौरान निधन हो गया। मां भारती की सेवा में तैनात करणसिंह के निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। गांव में हर आंख नम है और माहौल गमगीन बना हुआ है। परिजनों के अनुसार अग्निवीर करणसिंह राठौड़ की तैनाती सिलीगुड़ी के बागडौगरा क्षेत्र में थी। परिवार के भाई चतर सिंह राठौड़ ने बताया कि 1 फरवरी की शाम को असम से आर्मी के सीईओ का फोन आया, जिसमें ड्यूटी के दौरान करणसिंह के निधन की जानकारी दी गई। इससे पहले जवान करण सिंह ने अपनी मां मुकेश कंवर से फोन पर बात की थी, जिसमें उन्होंने बताया कि मैं ड्यूटी करके आया हूं और अब खाना खाऊंगा। इसके करीब 3 घंटे बाद जवान करण सिंह के निधन का समाचार आने पर परिवार स्तब्ध रह गया। परिवार की महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल है। पार्थिव देह सिलीगुड़ी से दोपहर में दिल्ली पहुंची और मंगलवार शाम दिल्ली से बाई प्लेन जयपुर लाई गई। इसके बाद जयपुर से पार्थिव देह बाई रोड पुलिस थाना श्रीमाधोपुर पहुंचेगी। अग्निवीर करणसिंह राठौड़ के सम्मान में तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद राठौड़ों की ढाणी में पूरे सैन्य एवं राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। परिजनों ने बताया कि करणसिंह का पूरा परिवार देशसेवा से जुड़ा हुआ है। उनके पिता दयाल सिंह राठौड़ करीब 10 वर्ष पहले सेना से सेवानिवृत्त हुए थे। करणसिंह के दोनों चाचा भी सेना में सेवाएं दे चुके हैं। उनकी बहन निकेता कंवर सीमा सुरक्षा बल में तैनात हैं। करणसिंह अविवाहित थे और करीब 3 वर्ष 10 महीने पहले अग्निवीर सेवा में भर्ती हुए थे।

## यूजीसी बिल का विरोध, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** केन्द्र सरकार की ओर से लाए गये यूजीसी बिल 2026 के विरोध में स्वर्ण समाज ने रैली निकाल कर उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। स्वर्ण समाज ने बिल को वापस लेने की मांग करते हुए नारेबाजी की तथा इसे समाज को बाटने व जातिवाद बढ़ाने का आरोप लगाया। स्वर्ण समाज के लोग सुबह दस बजे गोपीनाथ राजा मंदिर के पास इकट्ठे हुए। इसके बाद रैली के माध्यम से उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान लोगों ने यूजीसी बिल के खिलाफ आक्रोश जताते हुए नारेबाजी की। उपखण्ड अधिकारी को प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर बिल को रद्द करने की मांग की। एडवोकेट मदन लाल, प्रदीप शर्मा, अखिलेश भातरा, अभिषेक सिंह शेखावत, राजकुमार काबरा, ब्रह्म प्रकाश काबरा, महेश कुमार अग्रवाल, मंगल, विष्णु गंगावत, राजेन्द्र भातरा, कैलाश वशिष्ठ सहित अनेक लोगों ने बताया कि यूजीसी बिल स्वर्ण वर्ग के छात्रों के खिलाफ जानबूझ कर लाया गया है। इससे समाज को जाति में बाटने की मंशा प्रतित हो रही है। पहले से ही कॉलेजों व शिक्षण संस्थानों में अनेक नियम लागू है तो इसे लाने की कोई आवश्यकता ही नहीं थी। इससे सामान्य वर्ग के छात्रों को पढ़ाई से वंचित करने, जातियो में बाटने, समाज को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सामान्य जाति के छात्रों का इससे उत्पीड़न बढ़ेगा। देश की अखण्डता, सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए बिल को वापस लेने की मांग की गई। इस दौरान स्वर्ण समाज के रामबाबू डाकवाला, विक्रम तिवाड़ी, ओमप्रकाश कोरखन्या, राजेश शर्मा, निरंजन कोरखन्या, राकेश भादूपोता, संजय डाकवाला, अरुण बावडिका, दौलत सहित स्वर्ण समाज के अनेक लोग मौजूद थे।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील से निर्यातकों में खुशी



**जयपुर ( नवयत्न )।** भारत और अमेरिका के बीच नई ट्रेड डील के बाद प्रदेश के निर्यातकों में उत्साह का माहौल है। अमेरिका द्वारा टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने से राजस्थान के निर्यात कारोबार को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री फोर्टी कार्यालय में अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल के नेतृत्व में निर्यातकों ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया। सुरेश अग्रवाल ने इसे केंद्र सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि नई डील से अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की प्रतिस्पर्धा क्षमता मजबूत होगी। फोर्टी यूथ विंग अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया कि टैरिफ कम होने के बाद अमेरिका के खरीदारों के लगातार संपर्क आने लगे हैं। गारमेंट निर्यातक पवन लश्करी ने कहा कि अब प्रदेश के निर्यातकों को बांग्लादेश, वियतनाम और चीन जैसे देशों के मुकाबले प्रतिस्पर्धा में फायदा मिलेगा। वहीं सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ स्टोन्स के पूर्व उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया कि 50 प्रतिशत टैरिफ के कारण क्वार्ट्ज उद्योग प्रभावित हो गया था, लेकिन अब उद्योग को संजीवनी मिलेगी। गौरतलब है कि राजस्थान से अमेरिका को करीब 18 से 20 हजार करोड़ रुपए का निर्यात होता है, जिसमें जेम्स-ज्वेलरी, गारमेंट, क्वार्ट्ज, मार्बल-ग्रेनाइट, हैंडीक्राफ्ट, इंजीनियरिंग गुड्स और दवाइयां शामिल हैं। टैरिफ बढ़ने के बाद निर्यात में भारी गिरावट आई थी, जिससे रोजगार पर भी असर पड़ा था। अब नई डील से निर्यात कारोबार के फिर से गति पकड़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

### नाम परिवर्तन

मैं मुली देवी उर्फ सन्तोष देवी पत्नि हनुमान प्रसाद, जाति-जाट, निवासी-वार्ड नं. 4, मौहल्ला जाटों का, समर्थपुरा, ग्राम पंचायत सुजाना, पं. स. खण्डेला, तहसील-खण्डेला, जिला-सीकर (राज.)। मेरे पुत्रों नरेन्द्र कुमार व गोकुल चन्द के विद्यालय रिकॉर्ड में मेरा नाम सन्तोष देवी दर्ज है। यह कि मुली देवी एवं सन्तोष देवी दोनों मेरे स्वयं के नाम है मुझे इन दोनों के नाम से जाना व पहचाना जाता है भविष्य में दोनों नामों को लेकर किसी भी प्रकार की जिम्मेवारी मेरी स्वयं की होगी।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190